ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 07 मार्च 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-36 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

अवकाश की सूचना

होली के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 07 और 08 मार्च को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 10 मार्च (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

रांची में चढ़ी होली की खुमारी, मस्ती में डूबे राजधानीवासी

रांची। *रंगों का त्योहार अपनी धमक बिखेर रहा है। राजधानीवासियों पर इसकी खुमारी चढ़ चुकी है। होली का उमंग शहर के गली-मुहल्लों में फैल चुका है। युवक-युवतियां जम कर ठुमके लगाते और एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते नजर आने लगे हैं। इस उमंग का महिलाएं भी जमकर लुत्फ उठा रही हैं।*

सीबीआई ने राबड़ी देवी के आवास पर मारा छापा

करीब पांच घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई टीम वापस लौटी

एजेंसी। पटना

सीबीआई ने सोमवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पर नौकरी के लिए जमीन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी की। सीबीआई के एक सूत्र ने कहाः हम मामले में जांच कर रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी को मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी मिल गई है। जनवरी में एजेंसी ने संबंधित अदालत के समक्ष अभियोजन स्वीकृति पत्र प्रस्तुत किया था। सीबीआई ने पिछले साल अक्टूबर में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनकी बेटी हेमा यादव सहित मामले में 16 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। सीबीआई ने कहा था कि जांच के दौरान यह पाया गया है कि आरोपियों ने मध्य रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक और केंद्रीय रेलवे के सीपीओ के साथ साजिश कर जमीन के बदले में अपने या अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम पर लोगों को नियुक्त किया था। यह जमीन प्रचलित सर्कल रेट से कम और बाजार दर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब नीति घोटाले में 20 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस स्तर पर वे और सीबीआई रिमांड नहीं मांग रहे हैं, लेकिन अगले 15 दिनों में वे इसकी मांग कर सकते हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने यह आदेश दिया, आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए एक आवेदन दायर किया गया है। यह प्रस्तुत किया गया है कि पुलिस हिरासत की अब जरूरत नहीं है और यदि आवश्यक हो तो बाद में इसकी मांग की जा सकती है। अदालात ने कहा कि दिए गए सबमिशन के मद्देनजर आरोपी को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है।

बनेंगे अफोर्डेबल

देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता न्यूनतम करने की हो रही कोशिश : पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में सभी के लिए इलाज को अफोर्डेबल बनाना सरकार की प्राथमिकता है। भारत लगातार स्वास्थ्य देखभाल में विदेशी देशों पर न्यूनतम निर्भरता सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है। आत्मनिर्भर बनने के लिए हमारे उद्यमियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत को किसी भी तकनीक का आयात करने की जरूरत नहीं रहे।

प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधान पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की बजट प्राथमिकताएं भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र है। उन्होंने कहाः हम निरंतर यह प्रयास कर रहे हैं कि भारत की विदेशों पर निर्भरता कम से कम हो। भारत में इलाज को अफोर्डेबल बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने के पीछे यही सोच है। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज से देश के करोड़ों मरीजों के लगभग 80 हजार करोड़ रुपये बीमारी में उपचार के लिए खर्च होने वाले थे वो बचे हैं। हमारे यहां करीब 9 हजार जन औषधि केंद्र हैं और यहां बाजार भाव से बहुत सस्ती दवाएं उपलब्ध हैं। इससे भी गरीब और मिडिल क्लास परिवारों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है।

देश में अच्छे और आधुनिक हेल्थ इंफ्रा का होना जरूरी

उन्होंने कहा कि देश में अच्छे और आधुनिक हेल्थ इंफ्रा का होना बहुत जरूरी है। आज देश में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तैयार हो रहे हैं। इन सेंटरों में डायबिटीज, कैंसर और हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग की सुविधा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड ने पूरी दुनिया को एक सबक सिखाया है कि जब भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो यह विकसित और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं की नींव को हिलाता है और नष्ट कर देता है। दुनिया का ध्यान पहले से कहीं ज्यादा अब स्वास्थ्य देखभाल पर आया है, लेकिन भारत की अप्रोच सिर्फ स्वास्थ्य देखभाल तक ही सीमित नहीं बल्कि हम एक कदम आगे बढ़कर कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अन्य बातों के अलावा, कोरोना काल ने हमें आपूर्ति श्रृंखला का महत्व सिखाया है।

उमेशपाल हत्याकांड

कुख्यात इनामी शूटर उस्मान मुठभेड़ में ढेर

प्रयागराज। उमेशपाल हत्याकांड में वांछित कुख्यात शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान सोमवार तड़के पुलिस अपराध शाखा के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ कौंधियारा में हुई। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस के मुताबिक इसी ने पहली गोली उमेश पाल और सिपाही को मारी थी। पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान उस्मान को गोली लगी और वह गिर गया। उसे इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद का नाम सामने आने के बाद पुलिस उसके करीबी रहे सभी लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है।

राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

एफआईआर दर्ज कराने की मांग

भाजपा नेताओं की मांग : प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और सिविल सर्विस रूल्स के उल्लंघन का हो एफआईआर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव अरूण एक्का के वीडियो क्लिप जारी करने के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। मुलाकात कर सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने मांग की है कि राजीव अरूण एक्का के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और सिविल सर्विस रूल्स के उल्लंघन का एफआईआर दर्ज किया जाए। साथ ही दर्ज एफआईआर की सीबीआई से जांच की मांग भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष दीपक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

आरोप राजनीति से प्रेरित, किसी से दोस्ती करना गलत नहीं : राजीव अरुण एक्का

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव रहे राजीव अरुण एक्का पर लगे कथित आरोपों के बाद प्रदेश की राजनीति उफान पर है। उन पर लगे आरोप के बाद उनका तबादला कर दिया गया। खुद पर लगे आरोपों पर राजीव अरुण एक्का ने अपना पक्ष रखा है। आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि किसी से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

माओवादी कांड में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

मेसर्स संतोष कंस्ट्रक्शन की 20 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

अबतक की सबसे बड़ी जब्ती, 153 बैंक एकाउंट म्यूचुअल फंड एकाउंट किए गए जब्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाकपा माओवादियों को फंड मुहैया कराने वाले संतोष कंस्ट्रक्शन कंपनी की 20 करोड़ 65 लाख 496 रुपये एनआईए ने जब्त किए हैं। एनआईए के द्वारा देशभर में माओवादी संगठनों के खिलाफ जब्ती की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। एनआईए ने संतोष कंस्ट्रक्शन के 152 बैंक खातों व एक एसबीआई म्यूचुअल फंड एकाउंट में जमा 20.65 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। एनआईए के द्वारा आधिकारिक जानकारी दी गई है कि संतोष कंस्ट्रक्शन के पार्टनर मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह के द्वारा भाकपा माओवादियों के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू को फंड दिया गया था। 21 नवम्बर 2019 को सोनू ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

कार्रवाई के खिलाफ खारिज हो चुका है एसएलपी

फरवरी 2021 में एनआईए ने खातों में जमा रकम को फ्रिज करवा दिया था। इसके बाद मेसर्स संतोष कंस्ट्रक्शन ने इस मामले में हाईकोर्ट में रिट पीटिशन फाइल किया था। लेकिन यह रिट पीटिशन अगस्त 2022 में खारिज कर दिया गया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ संतोष कंस्ट्रक्शन ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर किया था। लेकिन यह एसएलपी भी जनवरी 2023 में खारिज हो गई थी। जिसके बाद एनआईए ने 153 खातों में जमा 20.65 लाख रुपये जब्त करने की कार्रवाई की।

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों को मिलेगा ढाई हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों के बेरोजगारों के लिए सरकार ने ढाई हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत करते हुए ऐलान किया कि 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवा जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से कम है, उन्हें 25 सौ रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भत्ता 6500 से बढाकर 10 हजार किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3550 से बढ़ाकर पांच हजार किया गया।

इन्फ्लूएंजा वायरस | एच3एन2 का बढ़ता संक्रमण

लोग बुखार और खांसी से परेशान

अस्पतालों में आनेवाले लगभग 20 से 25 प्रतिशत मरीज इसके

डॉक्टर सावधानी बरतने बुखार-खांसी की दवा लेने, एंटीबायोटिक न लेने की दे रहे सलाह

आरपी सिंह। नई दिल्ली

इन दिनों फ्लू के कारण बुखार, लगातार खांसी से परेशान लोग की संख्या अस्पतालों में बढ़ने लगी है। कई जगह तो हालत यह हो गई है कि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों में से 20-25 प्रतिशत बुखार व खांसी का इलाज कराने, डॉक्टर को दिखाने के लिए आ रहे हैं। इस बारे में संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि ये मामले इन्फ्लूएंजा वायरस के एच3एन 2 प्रकार से संबंधित हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और आईएमए इस संबंध में लगातार दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। एम्स के सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन के चिकित्सकों का कहना है कि मौसम बदलने के कारण फ्लू वायरस संक्रमण बढ़ा है। जो कि हवा से फैल रहा है।

इस बारे में राम मनोहर लोहिया अस्पताल में वायरल इंफेक्शन के निदेशक डॉ. अजय शुक्ला का कहना है कि कोविड खत्म हो गया है, लेकिन कई अन्य वायरल संक्रमण जैसे एच 3एन2 अभी भी मौजूद हैं। डॉ. शुक्ला के अनुसार कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों के लिए ये संक्रमण गंभीर हो सकता है। यदि लोग घर से बाहर जाने पर मास्क लगाते रहेंगे तो इससे बचाव में मदद मिलेगी। इसके बढ़ते संक्रमण के कारण सरकारी अस्पताल इन विषाणुओं के लिए टीकाकरण शुरू करने के बारे में विचार विमर्श कर रहे हैं। एच3एन2 संक्रमण फिलहाल हवा में मौजूद है, लेकिन यह कोविड वैरिएंट नहीं है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चेस्ट विभाग के एमडी डॉ. अमित सूरी का कहना है कि हमारे पास प्रतिदिन वायरल संक्रमण के 20-25 प्रतिशत मामले आ रहे हैं। इससे बचाव के लिए बुजुर्ग मरीजों को कोविड महामारी के दौरान पालन किए गए सावधानियों का पालन करने की जरूरत है।

एच3एन2 सांस से जुड़ी बीमारी का कारण है। इस बारे में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च का कहना है कि इन्फ्लुएंजा का उपप्रकार एच3एन2 देश में सांस संबंधी मौजूदा बीमारी का प्रमुख कारण है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने 30 वीआरएलडी (वायरल अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशालाओं) में पैन-रेस्पिरेटरी वायरस निगरानी प्रणाली स्थापित की है। आईसीएमआर के मुताबिक, गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (आईएआरआई) के लिए भर्ती किए गए सभी रोगियों में से लगभग आधे, साथ ही साथ इन्फ्लूएंजा जैसी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



परीक्षा को लेकर सर्तक रहें केन्द्राधीक्षक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
वार्षिक माध्यमिक/ इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 06 मार्च 2023 को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित कमरा संख्या 505 में केन्द्राधीक्षकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आकाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची सहित सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अवर विद्यालय निरीक्षक रांची 1 एवं 2 तथा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के 102 परीक्षा केन्द्राधीक्षक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के 57 केन्द्राधीक्षक उपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला परीक्षा कोषांग द्वारा तैयार निम्नवत 31 दिशा-निर्देशों पर अशोक प्रसाद सिंह परीक्षा समन्वयक द्वारा विस्तृत जानकारी साझा की गई। केन्द्राधीक्षकों द्वारा अपेक्षित जानकारियों का प्रशासनिक समाधान श्री आकाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची द्वारा करते हुए कदाचार मुक्त एवं तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा के सफल संचालन के दिशा-निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी केन्द्राधीक्षकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि हर हाल में परीक्षा केन्द्र पर झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पयाप्त संख्या में पुलिस बल स्थाई दण्डाधिकारी, उडनदस्ता, जोनल मेजिस्ट्रेट, आब्जर्वर एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों का प्रतिनियुक्त करते हुए दायित्व सौंपा जा रहा है। राजधानी रांची का परीक्षा संचालन संदेश पूरे राज्य के लिए आदर्श बिन्दु के रूप में मान्य होता हैं, इसलिए कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने विद्यालयों में परीक्षा हेतु निर्धारति पाठ्यक्रमों की पूर्णता की भी समीक्षा करते हुए परीक्षार्थियों के लिए बेहतर अभिभावकत्व का माहौल उपलब्ध कराने में सहयोग करने का आवाहन किया। परीक्षा केन्द्र पर पयाप्त संख्या में बेंच-डेस्क की उपलब्धता हेतु तत्काल क्रय / सी०सी०टी०वी० कैमरा का क्रियात्मक संचालन / निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं पयाप्त रोशनी व्यवस्था के साथ-साथ शुद्ध पेयजल एवं क्रियाशील शौचालय तथा निकटतम स्वास्थ केन्द्र से सम्पर्क स्थापित कर प्राथमिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था के निर्धारण का भी निदेश दिया गया। वार्षिक माध्यमिक/ इंटरमीडिएट(कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा-2023 की माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 03.04.2023 तक प्रथम पाली में एवं इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक दूसरी पाली में संचालित होगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 09:45 बजे पूर्वाह्न से 01:05 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। जबकि वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:20 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। इस वर्ष माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट दोनों वर्गों की परीक्षा ओएमआर शीट एवं उत्तरपुस्तिका पर ली जायेगी। मैट्रिक परीक्षा में टर्म-1 प्रारूप के अनुसार 09:45 से 11:20 तक तथा टर्म-2 प्रारूप के अनुसार 11:25 से 01:05 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में टर्म-1 प्रारूप के अनुसार 02:00 बजे से 03:35 अपराह्न तक तथा टर्म 2 प्रारूप के अनुसार 03:40 से 05:20 बजे अपराह्न तक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

महिला दिवस पर वंडर वुमन को किया सम्मानित

रांची। विश्व महिला दिवस के मौके पर समाज में अग्रणी भूमिका अदा करने वाली महिलाओं और वंडर वुमन को सम्मानित करने के लिए बुंडू प्रखंड के एदेलहातू पंचायत भवन में मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट के तहत स्वयंसेवी संस्था शांता मेमोरियल शांता मेमोरियल रिहैबिलिटेशन सेंटर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन्डर वूमेन के रूप में चयनित बुंडू सीएचसी की जीएनएम कुमुदिनी किड़ो को एसएमआरसी की ओर से एक मोमेंटम एवं स्मार पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुमुदनी कीड़ो ने कोविद के दौरान और उसके बाद कोविद टीकाकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। खास तौर पर दिव्यांग लोगों के टीकाकरण में उनकी सराहनीय भूमिका रही और इसी वजह से उनका चयन वंडर वुमन के रूप में किया गया।

ओरमांझी में होली मिलन समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता
ओरमांझी। पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा सोमवार को काली मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में पूजा समिति के द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का बधाई दी गयी।

इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खूब मौज मस्ती की गई, साथ ही साथ होली का गाना होली खेले रघुवीरा अवध में पर खूब थिरके लोग। होली मिलन समारोह के दौरान पूजा समिति ने तमाम लोगों को होली की हार्दिक बधाई दी। होली के अवसर पर गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे के गले मिले। होली मिलन समारोह में अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहु, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहु, अजय सिंह, शंकर गुप्ता, हरिश्चंद्र महतो, नरेश महतो, रामछबि ला साहु, अरुण मंडल, नितिश साहु, नीरज पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सरकारी अर्बन हाट में भयावह आग से लाखों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची में झारखंड सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे अर्बन हाट में सोमवार को भयावह आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कांके रोड के गोंदा में स्थित इस हाट के निर्माण पर अब तक दस करोड़ से ज्यादा की रकम खर्च हो चुकी है। यहां बनाई गई दुकानों का स्ट्रक्चर आग के चलते बुरी तरह ध्वस्त हो गया है। यहां बड़े पैमाने पर रखी गई रबर की पाइप और अन्य सामान जल्कर नष्ट हो गए। आग इतनी भयावह थी कि इसकी लपटें दूर तक फैलने लगी। इससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का आलम बना रहा। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लगभग तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। अर्बन हाट का निर्माण झारखंड के विभिन्न इलाकों के शिल्पकारों और कारीगरों को उनके उत्पादों के लिए एक परिसर में एक सुविधासंपन्न बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा था। 30 अगस्त, 2016 को इसके निर्माण की शुरुआत हुई थी, लेकिन निर्माण कार्य करीब पिछले पांच साल से बंद पड़ा था। हाल में इस योजना पर फिर से काम शुरू हुआ था।

होली मिलन समारोह की तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
होली के अवसर पर मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वावधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह 8 मार्च को मारवाड़ी भवन में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। होली मिलन समारोह के संयोजक का दायित्व सज्जन पाड़िया को दिया गया है। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार को मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने बाजार टांड एवं बकरी बाजार मे सुबह 10:00 बजे डांडा रोपण ठंडी होली पूजन की। सभी महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा ओढ़नी चुनरी ओढ़कर पूरे विधि- विधान से पूजा अर्चना की एवं गोबर का बड़कुल्ला की माला चढ़ाया गया। 7 मार्च को प्रातः काल 4:30 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। संजय सर्राफ ने बताया कि मारवाड़ी समाज होली के 10 दिन पूर्व से गोबर का बड़कुल्ला या गुल्लरा बनाया जाता है। तथा होलिका दहन के दिन बड़कुल्ला की माला पिरोया जाता है जिसमें गोबर से बने कई खिलौने भी रहते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को गोबर की पांच ढाल, एक तलवार, चंद्रमा, सूरज, नारियल, एक होलिका माता, एक पान तथा आधी रोटी गोबर से बनाई जाती है। होलिका को रोली मेहंदी व आटे से सजाकर आंख में कौड़ी लगा देते हैं। सभी को धूप में सुखा लिया जाता है नारियल की रस्सी में एक बड़ी बड़कुल्ला की माला बना लिया जाता है। जिसे होलिका दहन के दिन जलाया जाता है। होली में बनाए बड़कुल्ला गोबर से बनते हैं गोबर को जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण को शुद्ध करता है। होलिका दहन कार्यक्रम का संयोजक पवन पोद्दार, शिव सरावगी, केदार अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल है। 8 मार्च को होली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन में अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। ह होली मिलन समारोह में रंगारंग आकर्षक राजस्थानी नृत्य के कार्यक्रम के साथ-साथ अबीर- गुलाल, ठंडाई संग स्वादिष्ट एवं लजीज अल्पाहार के आनंद के साथ बुजुर्गों एवं बच्चों को आशीष एवं अपनों का मिलन का कार्यक्रम होगा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची
संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

राँची जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत चौवन (54) मिनी राइस मिल (Mini Rice Mill) का वितरण अनुदानित दर लागत राशि का 50% अथवा अधिकतम 40,000.00रुपये, जो भी कम हो पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी शर्त्ते निम्नवत् है:–

- ✓ पूर्व के लाभुकों को वर्त्तमान वित्तीय वर्ष योजना के कार्यान्वयन में पुर्नावृति नहीं किया जायेगा।
- ✓ यंत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र प्रखंड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं जिला स्तर पर जिला कृषि कार्यालय/आत्मा कार्यालय, कृषि भवन प्रांगण, काँके रोड राँची से कार्यालय अवधि में प्राप्त/जमा किया जा सकता है।
- ✓ ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी (Block Chain Technology) के माध्यम से लाभुकों की पहचान एवं पंजीयन करते हुए वितरण किया जाएगा।
- ✓ आवंटित भौतिक लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम आवेदनों का प्रतीक्षा सूची तैयार कर भविष्य में प्राथमिकता दी जा सकती है।
- ✓ कृषि यंत्र का वितरण अनुदानित दरों पर **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जाएगा परन्तु पंजीकृत कृषक उत्पादक संस्थान (FPO) के किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- ✓ आवेदन पर स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि तथा प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी–बी०ए०ओ०/बी०टी०एम०/ए०टी०एम० द्वारा अनुशंसित कराया जाना आवश्यक होगा।
- ✓ आवेदन के साथ कृषकों के आधार कार्ड/बैंक खाता संख्या, IFSC code हेतु बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति/वोटर आई. डी. कार्ड, जमीन की मालगुजारी रसीद का छाया प्रति एवं सक्षम स्तर से वंशावली संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- ✓ आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 11 मार्च, 2023 तक होगी।
- ✓ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
राँची।
PR 292039 (Agriculture) 22-23 (D)

फाल्गुन माह में आज श्याम मंदिर में होगा होली समारोह आयोजित



नवीन मेल संवाददाता। रांची
हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को होली उत्सव समारोह आयोजित किया जाएगा। फाल्गुन माह में होने वाले खाटू नरेश के उत्सवों का इस आयोजन के साथ समापन हो जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती होगी। उसके बाद 9:00 बजे बाबा श्याम से होली उत्सव मनाया जाएगा। भक्तजन सुगंधित इत्र अबीर गुलाल के साथ होली खेलेंगे। इस अवसर पर ठंडाई प्रसाद का विशेष भोग अर्पित करके भक्तजनों को वितरित किया जाएगा । खाटूधाम के श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार होली उत्सव आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे भोग व शंख आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। मंडल के महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12:30 से 1:00 तक मंदिर के गर्भगृह की साफ-सफाई प्रारंभ की जाएगी तो दूसरी तरफ मंदिर की धुलाई की जाएगी। होली उत्सव अबीर गुलाल 12:30 बजे तक होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी भक्तजनों से अपील की है कि मंदिर परिसर में रंगोली किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं करें ।उन्होंने कलर अबीर गुलाल का प्रयोग करने से भी मना किया है। दोपहर में खाटू नरेश को होली का महास्नान कराकर नवीन वस्त्र पहनाया जाएगा। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी नवीन वस्त्र पहनाए जाएगा। इसके बाद खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। साय 5:00 बजे खाटू नरेश के दरबार में संपन्न होगा। कांके रोड निवासी राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया खाटू नरेश की दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन तथा राजस्थानी डफ का कार्यक्रम होगा। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस के लिए श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, संजय सर्राफ, विशाल पोद्दार को दायित्व दिया गया है। सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बूथ सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
भारतीय जनता पार्टी का सिल्ली विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक सोमवार को बंता पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने की। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र अंशकालिक विस्तारक ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर चल रहे अभियान को समय सीमा के अंदर पूर्ण करें ।पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवा और ऊजार्वान लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ें ।चुनाव में बूथ जीता मतलब चुनाव जीता ।विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अवगत कराना है ताकि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करें ।यह तभी संभव होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने विस्तार पूर्वक संगठन की आगामी कार्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो,सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार साहू,राहे मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, सृष्टिधर प्रजापति, दिलेश्वर कोइरी, , मनोज महतो, रघुवीर, भगीरथ, मेघनाथ,नरेश समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Office of Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh
Urgent Tender e- Procurement Notice

Tender reference :- 18/2022-23 Date :- 04.03.2023

Sl. No	Particulars	Details			
1	Name of Work-	Construction of HYDT 200mm X 165mm Dia x 250.00 Mtrs deep bore well with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set & Square Tube Steel Structure & HDPE Water Tank 6.00 mtr Staging Capacity – 2000 Ltr. for Tola Lukayatand Village Hethbarga Panchayat Barlanga Near Shaheed Smaarak Block Gola			
		Estimated Cost (in lakh)	E. M. Required (in Lakh)	Cost Of BOQ (in rupees)	Time of Completion
		8.59385	0.17200	1250.00	1 Month
2	Date of Tender uploading in website	Date:- 15.03.2023 at 05.00 PM			
3	Last date receipt of Bid	Date:- 22.03.2023 up to 05.00 PM			
4	Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy)	Date:- 23.03.2023 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh			
5	Date of opening tender	Date:- 23.03.2023 at 05.00 PM			
6	Name and address of office inviting tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh			
7	Name and address of tender opening officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh			
8	Contact no of e-procurement office	06553-223193			
9	Helpline No. of e-procurement cell	06553-223193			

1. Only Registered Contractor in this department may participate in the said tender.
2. Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
Note: - Updated estimated cost and earnest money should be taken as mentioned in the website.

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
रामगढ़
PR 292004 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

नामांकन इक्फाई विवि में नामांकन के लिए प्रॉस्पेक्टस हुआ जारी

छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड परिसर में एक समारोह में 2023 प्रवेश के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी किया गया, जिसमें संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने समारोह में भाग लिया। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे स्नातक छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को देखते हुए, हमने वर्तमान वर्ष के दौरान भी उद्योग और प्रौद्योगिकी के रुझानों का विश्लेषण किया ताकि नई नौकरी-उन्मुख कार्यक्रम शुरू किए गए हैं और हमारे मौजूदा कार्यक्रम समृद्ध हुए हैं। इस विश्लेषण के परिणामस्वरूप, 2023 में दो नए कार्यक्रम बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) और बीसीए (साइबर सुरक्षा) शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा बीटेक (मैकेनिकल) प्रोग्राम करने वाले छात्र दो करियर उन्मुख विशेषज्ञता इलेक्ट्रिकल वाहन या खनन मशीनरी में से किसी एक को चुन सकते हैं। बीसीए (साइबर सुरक्षा) की शुरूआत के औचित्य की व्याख्या करते हुए, प्रोफेसर राव ने कहा, जैसा कि हम हर दिन डिजिटल दुनिया में अधिक समय बिताते हैं, जोखिम कई गुना बढ़ रहे हैं, जिससे हानि और व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग, ग्राहक सेवाओं में गड़बड़ी, वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा हानि आदि जैसे नुकसान हो रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में साइबर घटनाओं में 25 गुना वृद्धि हुई, 2017 में 47,000 से 2022 में 12 लाख। हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक, भारत को 15 लाख साइबर पेशेवरों की आवश्यकता होगी, जो कि आज की संख्या से कम से कम 12 गुना है। प्रोफेसर राव ने कहा इलेक्ट्रिकल वाहनों का उत्पादन 2021 से 2022 तक 3 गुना बढ़ गया। भारत सरकार 2030 तक 80% 2-3 पहिया वाहनों, 70% वाणिज्यिक वाहनों और 30% यात्री कारों को इलेक्ट्रिक होने का लक्ष्य बना रही है, जिससे बहुत बड़ी शुरूआत हो रही है। इसी तरह, खनन क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोलने की सरकारी नीतिगत पहल से खनन उद्योग में अधिक स्वचालन और मशीनीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे खनन मशीनरी क्षेत्र में कई करियर बनेंगे। प्रोफेसर राव ने कहा, ₹जैसा कि हम एनईपी-2020 को लागू करते हैं, हम अपने सभी कार्यक्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। झारखण्ड के इक्फाई समूह सूचना विभाग (आईजीआईडी) के प्रबंधक श्री सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कैसे विश्वविद्यालय छात्रों और अभिभावकों को कार्यक्रम का विवरण बताया ताकि वे मूल्यांकन कर सकें और सही निर्णय ले सकें। आईजीआईडी के प्रबंधक श्री रंजीत सिंह ने कहा, ₹विश्वविद्यालय और संपूर्ण इक्फाई समूह मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण पूरे भारत में उच्च शिक्षा में एक घरेलू नाम बन गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अरविंद कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए विश्वविद्यालय के उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर जोर दिया ताकि छात्रों को बहुत जरूरी हैंड्स-ऑन कौशल प्रदान किया जा सके, जो स्नातक छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट को सक्षम बनाता है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (एकादश कॉल)

T. Reference No. :- DWSD/KH-08(CLUS/SVS)/2021-22, Date 06.03.2023

Sl. No.	Name of Work					
A)	Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Divis ion, Khunti.					
	Cluster Name	Block	Estimated Cost (Lakh)	Bid Security (Lakh)	Cost of BOQ (Rs)	Time of Completion
1	3 (A)	Arki	969.18	9.70	10,000.00	9 Months + 1 Month (Trial & Run)
2	3 (B)	Arki	927.79	9.28	10,000.00	9 Months + 1 Month (Trial & Run)
3	7 (A)	Karra	958.88	9.59	10,000.00	9 Months + 1 Month (Trial & Run)
4	13	Murhu	973.14	9.74	10,000.00	9 Months + 1 Month (Trial & Run)
B)	Date of Tender Uploading on Website			10.03.2023/05.00 PM		
C)	Document Download Start Date from Website			10.03.2023/05.00 PM		
E)	Bid Submission Start Date			10.03.2023/05.00 PM		
F)	Bid Submission End Date			17.03.2023/05.00 PM		
G)	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)			18.03.2023/05.00 PM		
H)	Date of Opening of Tender			20.03.2023/11.00 AM		
I)	Name & Address of Office Inviting Tender			Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.		
J)	Name & Address of Opening Officer			Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.		
K)	Contact No. of Procurement Office			06528-299928		
L)	Helpline No. of e-procurement cell			Mo. No.- 7717776462		

नोटः– विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।
निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
PR 292118Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

फूल और अन्य प्राकृतिक चीजों से महिलाएं बनाती हैं हर्बल गुलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ हजारीबाग
जिले के दारू प्रखंड अन्तर्गत पेटो गांव की महिलाएं समूह से जुड़कर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल कर हर्बल गुलाल बना रही हैं। इस हर्बल गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक फल एवं फूलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे पालक, पलाश का फूल, गेंदा फूल, गुलाब फूल, बीट, जैस्मिन तेल, अरारोट, चंदन और मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर हर्बल गुलाल तैयार किया जाता है। यह गुलाल पूरी तरह ऑर्गेनिक एवं केमिकल रहित है जो शरीर की त्वचा एवं आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाता।साथ ही इसमें प्रयोग किये जाने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट जैसे जैस्मिन तेल, चंदन, मुल्तानी मिट्टी आदि त्वचा के लिए फायदेमंद हैं। यह हर्बल गुलाल के रूप में महिला समूह के द्वारा तैयार अबीर जेएसएलपीएस के पलाश मार्ट में उपलब्ध है। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने बताया समूह की महिलाएं, विभिन्न प्रकार के फूल-पत्ती और फलों को सबसे पहले गर्म पानी में उबालकर मिक्सर में पीसकर इसका मिश्रण तैयार करती हैं। फिर अरारोट के आटे में मिलाकर इसे अच्छी तरह से गूंथती हैं और फिर इसे फैलाकर सुखाती हैं। इसके बाद इसे अच्छी प्रकार से पीसा जाता हैं। इसके बाद उसमें चंदन, नायसिल पाउडर और थोड़ा सा नेचुरल परफ्यूम मिलाकर इससे हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। गुलाल तैयार होने के बाद इसे आकर्षक पैकेट में पैकेजिंग कर जेएसएलपीएस के विभिन्न स्थानों पर स्थापित क्रय केन्द्र पलाश मार्ट में बिक्री के लिए भेजा जाता है। डेढ़ सौ ग्राम वजन के हर्बल गुलाल के पैकेट की कीमत 90 रूपया निर्धारित है। लॉट में खरीदारी के लिए इन क्रय केंद्रों में ऑर्डर भी लिया जाता है।

ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा प्रशिक्षण व रोजगार : ग्रामीण सेवा केन्द्र दारू की अध्यक्ष राखी देवी बताती हैं कि हर्बल रंगों के निर्माण में प्राकृतिक उत्पादों के अलावे तुलसी और लेमन ग्रास के तेल का भी उपयोग किया जाता है। पलाश ब्रांड के अन्तर्गत हमारे द्वारा निर्मित अबीर गुलाल विगत चार वर्षो से बाजार में आमलोगों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे लोगों काफी पंसद कर रहे हैं। त्योहर के अलावे वर्ष के शेष महीनों में भी कई तरह के उत्पादों का प्रोसेस कर बाजार में उपलब्ध कराया जाता है। जिससे महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु रोजगार के साथ आर्थिक संबलता मिल रही है। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने महिला समूह के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर्बल गुलाल पूर्णता प्रकृति से प्राप्त फल, फूल आदि एवं केमिकल रहित उत्पादों से निर्मित है। इस प्राकृतिक गुलाल की मांग राज्य स्तर से भी होने लगी है, इस वर्ष में बड़े पैमान पर संलग्न महिलाओं द्वारा उत्पाद तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से कई महिलाओं रोजगार के साथ आर्थिक समृद्धि प्राप्त होने लगी है।

राज्य भर में होली पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी सख्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर और ग्रामीण इलाके में विभिन्न जगहों को चिन्हित कर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सुरक्षा में 10 डीएसपी ,15 इंस्पेक्टर और ढाई सौ दरोगा के अलावा 2000 जवानों को तैनात किया गया है। होली के दिन सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखने के लिए पुलिस की साइबर टीम को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से कंट्रोल रूम के जरिए पूरे शहर पर निगरानी रखी जाएगी। सभी चौक चौराहा पर पुलिस की तैनाती की गई है।एसएसपी किशोर कौशल खुद पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पांच की क्यूआरटी टीम रिजर्व में रखी गई है। इसके अलावा बाइक दस्ता को शहर के गली मुहल्लों में भी गश्त लगाने को कहा गया है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय ने होली को लेकर सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। होली के दौरान विधि-व्यवस्था संबंधित कोई परेशानी न हो। इसके लिए लगभग 10 हजार अतिरिक्त बलों की तैनाती गई है। इनमें करीब चार हजार जवान लाठी वाले हैं। इसके अलावा रैपिड एक्शन पुलिस को भी तैनात किया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों वाले विभिन्न जिलों में टीयर गैस के वाहनों को तैनात किया जा रहा है। सभी जिलों को अतिरिक्त फोर्सेज भी दिए गए हैं। किसी भी तरह की घटना होने पर जल्द पुलिस मुख्यालय को सूचना देने को कहा गया है।आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि होली को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

हर थाने में दिया गया है क्विक रिस्पांस टीम

सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो इसके लिए सभी थानों में क्यूआरटी के जवानों को तैनात किया गया है। सभी जवानों को आदेश दिया गया है कि त्योहार के दौरान सभी जवान हमेशा चौकन्ना रहें। जरूरत पड़ने पर उन्हें दूसरे थाना क्षेत्र में तुरंत भेजा जा सकता है। अधिकारियों को भी त्योहार के दौरान मुस्तैद रहने का आदेश दिया गया है। सभी डीएसपी को अपने संबंधित थाना प्रभारी से लगातार सामंजस्य स्थापित करते रहने का आदेश दिया गया है।

शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए तो होगी कार्रवाई : लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पूरे जिले में ड्रंक एंड ड्राइव शुरू कर दिया गया है। शाम के बाद नशे में वाहन चलाने वालों को पकड़कर जुमार्ना वसूला जा रहा है। अत्यधिक नशे में धुत मिलने वालों को पकड़कर थाने भेजा जा रहा है। इलाके के डीएसपी व थानेदार के नेतृत्व में सोमवार की शाम से ही अभियान चलाना शुरू कर दिया गया है।

नकली शराब न बिके, इसके लिए छापेमारी जारी

रांची। होली में नकली शराब न बिके इसके लिए पुलिस लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है। अवैध शराब के हर अड्डों पर पुलिस ने छापेमारी की है। कई जगहों पर देशी शराब, स्प्रिट सहित शराब पकड़े जा चुके हैं। स्पेशल ब्रांच की ओर से जो भी सूचनाएं मिली थी, उनपर एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। नकली शराब और स्प्रिट की सप्लाई न हो, इसके लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नकली शराब बेचते पकड़े जाने पर संचालक पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मुद्दे पर किसी भी बक्शा नहीं जायेगा। पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

3900 पुलिसकर्मियों को मिलेगी प्रोन्नति

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड पुलिस के 3900 सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रमोशन मिलेगा। आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। इन सभी पुलिसकर्मियों का 15 मार्च से पीटीसी प्रशिक्षण शुरू होगा। झारखंड पुलिस के पांच ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जायेगी, जिनमें जेएपीटीसी पदमा में 1300, सीटीसी मुसाबनी में 1500, जंगल वारफेयर स्कूल में 900, जैप 10 महिला बटालियन में 200 और सभी महिला पुलिसकर्मियों को विस्थापित भवन धुर्वा रांची में पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा। आईजी ट्रेनिंग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यदि चार अप्रैल 2009 से पूर्व नियुक्त सिपाही प्रशिक्षण के लिए शेष रह गये हैं, तो उन्हें प्रशिक्षण में भेजने से पहले पुलिस मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। अन्यथा ऐसे पुलिसकर्मियों का योगदान प्रशिक्षण संस्थान में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि पुलिसकर्मी किसी कारण से प्रशिक्षण में योगदान नहीं देते हैं, तो योगदान नहीं देने कारणों का उल्लेख करते हुए कार्यालय आदेश या जिला आदेश अंकित कर संबंधित कर्मियों के सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाये। इस प्रशिक्षण से होने वाले सभी प्रकार के लाभ और एसीपी, एमएससीपी अगले पद में प्रोन्नति का लाभ प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने की तिथि से देय होगा। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी जिला इकाई के प्रधान से अनुरोध है कि अपने जिला इकाई में पदस्थापित पुलिसकर्मियों को निर्धारित समय पर पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पहचान पत्र, चिकित्सीय प्रमाण पत्र, दो जोड़ा वस्त्र, बेड और मेस खर्च के लिए आवश्यक राशि के साथ योगदान कराना सुनिश्चित किया जाये।

विद्यार्थी को मिलेगा सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य के लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थी को मुख्यमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी विद्यार्थी को इसी महीने स्कॉलरशिप की राशि मिल जाएगी। इसकी तैयारी राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से पूरी कर ली गयी है। इस स्पेशल स्कॉलरशिप योजना के तहत न्यूनतम 500 रुपये और अधिक 23 सौ रुपये मिलेंगे। यह राशि क्लासवार तय की गयी है। इस स्कॉलरशिप का लाभ केवल राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी जाती है। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति पहली से 12वीं क्लास तक के छात्र-छात्राओं को दी जाती है। इसके लिए राज्य के 1,47,928 छात्र - छात्राओं का चयन किया गया है। इन्हें मार्च में छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को निर्देश दे दिया है। पहली से 12वीं में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के वैसे छात्र-छात्रा, जिन्हें अन्य कोई छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति वित्तीय वर्ष 2022-23 से राज्य सरकार के द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से दी जाएगी। इसमें अभी थोड़ा समय लगने की संभावना है। इसलिए छात्र - छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए पूर्व वर्ष की भांति पीएफएमएस-डीबीटी के माध्यम से राशि उपलब्ध करायी जानी है।

भुगतान भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक

शीघ्र राशि भुगतान का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त द्वारा सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में भू-अर्जन संबंधित मामलों की अहम बैठक की गई। जिसमें अपर समाहर्ता राजेश कुमार बराबर, परियोजना निदेशक, (ढ.क्व. गुमला, राजीव रंजन, परियोजना निदेशक अंचल अधिकारी ओरमांझी, बेड़ो एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहण एवं भुगतान के मामलों की समीक्षा करते हुए अहम दिशा निर्देश निर्देश दिया। भारत माला परियोजना में शेष 29 करोड़ 95 लाख रुपये का भुगतान दिनांक 12/03/23 तक करने का निदेश अंचल अधिकारी ओरमांझी को निर्देश दिया गया। नेशनल हाइवे के अंतर्गत मौजा तमाड़ में सर्विस रोड में अवस्थित संरचना को हटाते हुए सड़क निर्माण जल्द से जल्द करने के लिए पीडी एनएचएआई एवं एनएचएआई परियोजना निदेशक को भुगतान की गई राशि की सूची उपलब्ध कराने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्रीमती अंजना दास को निर्देश दिया गया और एतलहातु मौजा में अवशेष राशि का भुगतान विधि परामर्श लेकर करने का निर्देश भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया। विकास विद्यालय से रामपुर के अंतर्गत अतिरिक्त रिंग रोड में 24 किलोमीटर पर आ रही सड़क निर्माण में अवरोध की समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर समाधान निकालने का निर्देश जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राँची को दिया। साथ परियोजना निदेशक को अपने स्तर से ढ.क्व. राँची को ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान करने का निर्देश दिया गया। एनएच-23 पिस्का से पलमा असरो में मुआवजा भुगतान करने में और तीव्रता लाते हुए अगले सात दिन में 10 करोड़ की राशि का भुगतान का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी श्री संजय कुमार को पतराचौली टोल प्लाजा निर्माण स्थल के पास अवस्थित डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की जमीन पर अवस्थित सरंचना को तुरंत हटाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एलिवेटेड रोड, फ्लाई ओवर निर्माण कार्य, बड़गाईं-बोडेया सड़क, अरगोड़ा-कटहल मोड़ सड़क चौड़ीकरण कार्य मुआवजा भुगतान एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश, नारो टिकरा आर. ओ. बी. में भुगतान तेज करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची एवं परियोजना निदेशक को आने वाले सप्ताह में कैम्प लगाने का निर्देश, पावर ग्रिड के टावर पोल (नामकुम अंचल) को विस्थापित करने हेतु जो सूचना जो रांची के द्वारा मांगी है।

NEWS इन ब्रीफ

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिया गया प्रमाण पत्र

सिमडेगा। सेंट्रल अंजुमन इस्लामियां के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रविवार की शाम जमजम काम्पलेक्स में कार्यक्रम आयोजित कर चुनाव कमेटी के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर अंजुमन के नवनिर्वाचित सदर मो.ग्यास,नायब सदर हाजी जावेद,सेकेट्री मोजाहिद अंसारी,नायब सेक्रेट्री मो.इफ्तेखार,खजांची अय्यूब अंसारी और पांच सदस्य मो.परवेज,तनवीर खान,जाहिद,मोबस्सीर और रिजवान को प्रमाण पत्र दिया गया।

जलडेगा के छात्र छात्राओं ने मनाया होली मिलन समारोह

जलडेगा। होली का त्योहार सभी के लिए खुशियो एव आपसी भाईचारे का समागम है। वही इस पावन त्योहार पर सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, जलडेगा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर आपसी भाई चारे के साथ साथ सामाजिक बुराइयों के साथ लड़ने के लिए भी संकल्प लिया। साथ ही सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर आलोक कुमार, शिक्षक एल्थेरियुस लुगुन, शिक्षिका पूजा कुमारी ने सभी छात्र छात्राओं को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
सोमवार को पुलिस कप्तान राकेश रंजन के निदेर्शानुसार पुलिस लाइन में आगामी पर्व होली एवं शब ए बरात को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पर्व को शान्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस के द्वारा दंगाइयों एवं हुड़दंगियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान एसडीओ मुहम्मद मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, मेजर सार्जेंट विकास

कुमार सिंह, सार्जेंट ज्ञानेंद्रपति एवं बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल थे। इनके द्वारा पेशेवर तरीके से सारे दंगा रोधी इक्विपमेंट, बज्र वाहन, रोबोट ड्रेस एवं बॉडी प्रोटेक्टर, लाठी हेलमेट से सुसज्जित होकर पुलिस लाइन ग्राउंड में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल कर पुलिस ने दंगाइयों को स्पष्ट मैसेज देने का प्रयास किया है कि किसी भी परिस्थिति से निबटने के लिए चतरा पुलिस सतर्क है और दंगाइयों-असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए भी पूरी तैयार है।

कांग्रेस ने मुख्यालय में दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर एलआईसी और एसबीआई के जिला मुख्यालय कार्यालय में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन हुई एवम केन्द्र सरकार के गलत नीति एवं भारत के दो व्यापारियों से सांठगांठ कर गरीबों का पैसा लूटवाने के विरुद्ध धरना प्रदर्शन एवं जूलूस निकालकर आम आदमी को जागरूक करने का आह्वान किया।जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एलआईसी और इंदिरा गांधी ने एसबीआई बनाई ताकि देश के जनता का पैसा देश के सबसे सुरक्षित हाथो में रहे। परंतु केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार देश को

गुलामी के कगार पर ले जा रहे हैं क्योंकि देश के सार्वजनिक धरोहर रेलवे, हवाई अड्डा, आदि को बेचने का काम किया,अब गरीबों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई जो बैंक में जमा किया गया उसे भी नरेंद्र मोदी सरकार अपने दोनों साथी अडानी, अम्बानी के माध्यम से लूटने और लूटवाने का कार्य कर देश की अर्थव्यवस्था पर प्रहार करने जैसा कार्य है ।भारत में भ्रष्टाचार का ऐसा अनोखा मामला पहली बार सामने आया है जब एक व्यावसायिक समूह पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे मगर उसका बचाव वह खुद नहीं, बल्कि सरकार कर रही है। सरकार जांच करवाने की जगह इस महाघोटाले को ढंकने में क्यों लगी है। दर्जनों शेल कंपनियां, उनके जरिए लाखों करोड़ का अवैध कारोबार, सरकार का अडानी को खुला समर्थन, नियामक और जांच एजेंसियों की चुप्पी, यह सब सरकार और एक पूंजीपति के भ्रष्ट सांठगांठ की ओर इशारा करता है। जनता का यह समझना बेहद जरूरी है कि देशभक्ति की आड़ में देश के संसाधनों की लूट हो रही है।
प्रदर्शन कार्यक्रम में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रदेश महासचिव सह नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,,प्रदेश सचिव नॉमिता बा, पीसीसी डेलीगेट समरोम पॉल टोपनो, शांति बाला केरकेट्टा, पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी एवम कौशल किशोर रोहिल्ला,, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जोनसन मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन , सिल्वेस्टर बघवार, सिमडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन वीरेन तिर्की, विरंजन बडा, ललित ,हर्षित मिंज,कृष्णा मांझी, प्रकाश एक्का, अजदन कुजूर, निलु कुजूर , विनय तिग्गा एवम लुईस कुजूर इत्यादि उपस्थित रहे ।

चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
रविवार रात स्थानीय कुंजलाल भवन में लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसका विधिवत उद्घघाटन चैंबर के पूर्वाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार अग्रवाल, कमल प्रसाद केशरी, अभय अग्रवाल, पूर्व सचिव विवेक कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अनूप दास क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, वर्तमान अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव रकेश कुमार सिन्हा वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार, वरिष्ठ व्यापारी दीपक जायसवाल समेत कार्यकरिणी सदस्यों के साथ संयुक्त द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यापारियों को रंग गुलाल लगाकर तथा रिंकू अग्रवाल द्वारा टोपी पहनाकर रंगारंग कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। रंगारंग

कार्यक्रम में रांची से आये कलाकारों ने होली से सम्बंधित हिन्दी, भोजपुरी व नागपुरी गीतों की प्रस्तुति कर होली मिलन समारोह में शानदार शमा बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जब गायक धनेश व स्वीटी जी द्वारा बृंदावन में होली खेले राधा के संग किशन कन्हैया, होरी खेले रघुवीरा अवध में, लौंग, इलायची का बीड़ा लगाया इत्यादि गीतों को गाया तो उपस्थित सभी व्यापारी मंत्रमुग्ध हो झूम उठे। व्यापारियों के फरमाइश पर भी एक से एक गीत आये हुए कलाकरों द्वारा गाया गया। रात्रि भोजनोपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सह सचिव अनीश मितल, कार्यकरिणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार, चन्दन गोयल, पुरुषोत्तम तिवारी, उत्तम कुमार व्यापारी अमित कुमार अग्रवाल, आशीष मित्तल, मनीष कुमार गुड्डू, गुप्तेश्वर गुप्ता, अजय कुमार पंकज, नीरज अग्रवाल टूटू इत्यादि समेत लगभग 300 व्यापारी उपस्थित रहें।

प्रशिक्षण केंद्र में फगुआ मिलन समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में फागुवा मिलन समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरूआत लोक गायक मोहन साव के फगुआ गीत ऐरी ऐरी ऐरी... ऐरी जमुना कैसे भरों गगरी,जल जमुना कैइसे भरों गगरी,.... से शुरू हुआ,उसके बाद गायक जाफर खान,खिलेश्वर सिंह,दयाल उरांव,लोक गायिका बिमला देवी,ने एक से बढकर एक फगुआ गीत, डमकच गीत गाकर कार्यकम को फगुआ मयी बना दिया.वहीं झारखंडी भाषा संस्कृति रक्षा मंच के संरक्षक सोहन बड़ाईक, ने कलाकरों को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंडी लोग अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं जिसे हम सब को बचाने के लिए एक मंच पर आकर ऐसे आयोजन करके इसे बचाए रखना है, साधु मलूवा ने भी सभी युवा कलाकरों आगे आने की बात कही. छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर ने कहा की कला संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और संस्कृति की रक्षा हेतु इस तरह के आयोजन हमेशा किया जाता है, मौके पर मुख्य रूप से सुकरमति कुमारी,भुनेश्वरी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,मानती कुमारी, सोनू बड़ाइक , किशून बिंझिया, आर के काशी, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्याम सुंदर मिश्रा ने किया।

महिला संगठनों द्वारा श्रमदान के माध्यम से की तलाब का सफाई

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
खूंटीटोली आजीविका महिला संकुल संगठन- जेएसएलपीएस के तत्वावधान से श्रमदान के माध्यम से सोमवार को सफाई अभियान कार्यक्रम के तहत सरकारी तालाब गरजा की साफ- सफाई महिलाओं द्वारा किया गया. जिस द्वौरान महिला संगठन के लगभग 50 महिलाओं ने एक जुटता के साथ श्रमदान नारियल तोड़कर प्रारंभ किया। अभियान के द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बसंती डुंगडुंग ने कहा कि महिलाओं के द्वारा श्रमदान कर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने की दिशा में समाज की बेहतरी के लिए सामुदाय की सामुदायिक कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिससे गाँव में सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण स्थापित होगा। वहीं सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधक, देखरेख, साफ-सफाई, निगरानी इत्यादि कार्यो में ग्रामीण समाज की भागीदारी सुनिश्चित होंगी। श्रमदान कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के डीएम एसएमआईबी अमित कमल कुजूर, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक बबिता बड़ाईक, एफटीसी दयाल कुजूर, संगीता बारला एवं ग्राम संगठन के सदस्य सहित 50 महिलाओं ने श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया।

तीन दिवसीय बाईबल अधिवेशन का शुभारंभ

ठेठईटांगर। प्रखंड के पंडरीपानी मे सोमवार से तीन दिवसीय वार्षिक बाईबल सत्संग संत क्लेमेंट सद्झारणा प्रार्थना भवन कसडेगा पंडरीपानी में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलन करते हुए किया गया तत्पश्चात पांडरी पानी पल्ली के काथलिक महिला संघ, काथलिक सभा एवं युवा संघ के सदस्यों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम में सिमडेगा धर्मप्रान्त के विभिन्न पल्लियों से हजारों की संख्या में विश्वासी सामिल हुए।

डालसा ने किया विधि सशक्तिकरण कार्यक्रम

लोहरदगा। राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के दिशा निदेर्शों के अनुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिनांक 04 मार्च से 11 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में डालसा लोहरदगा महिलाओं के बीच महिलाओं से संबंधित विविध विषयों पर जागरूकता आयोजन करा रही है ' इसी कड़ी में एलजीएसएस सभागार में आयोजित किया गया' लोहरदगा जिले के सुदूरर्ती क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 60 महिलाओं के बीच सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता मो मोमिना खातून ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज उत्पीड़न, जन्म पूर्ण लिंग परीक्षण, संपत्ति में महिलाओं के हक, महिलाओं के विवाह एवं हक संबंधित अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

प्रदर्शन

अंचल कार्यालय के समक्ष कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन

देश को बेचने का काम कर रही केन्द्र सरकार

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
अंचल कार्यालय लोहरदगा के समक्ष कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से देश कि मुख्य राष्ट्रीय धरोहर एसबीआई और एलआईसी में लगे देश की जनता के पैसे का घोटाला किया जा रहा है। मोदी सरकार अपने निजी लाभ के चलते देश और देश के विभिन्न संस्थानों को गिरवी रखने का काम कर रहे हैं। हम उनके घोर पूंजीवादी नीति का विरोध करते हैं और यह मांग करते हैं कि उनके पूंजीवादी मित्र गौतम अडानी का पासपोर्ट वीजा रद्द किया जाए और घोटाले कि जांच की जाए।

विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि हिडेनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे से मोदी सरकार फस चुकी है। पीएम मोदी गहरे आर्थिक संकट में देश के बुनियादी ढांचाओं को बेचने का काम कर रही है। देश कि विदेश नीति को कमजोर करने का काम रही है। देश के गरीबों बुजुर्गो महिलाओं का पैसा एसबीआई और एलआईसी में लगा हुआ है। जिसे खतरे में डाल दिया है। मौके पर सह प्रभारी परवेज सिद्दकी,युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विनय उरांव, सत्यदेव भगत,परवेज सिद्दीकी,बिरमत भगत जमील अंसारी ,असलम अंसारी ,रफीक अंसारी,कबीर अंसारी, एजाज अंसारी,तारिक अनवर,कुलदीप खाखा इंद्रजीत तिग्गा, पवन महली,समीर अंसारी, सरस्वती कुमारी, सबहत जहान, संदीप महली,विकास कुमार, राहुल कुमार, लक्ष्मण उरांव,सविता कुमारी, अनीमा कुमारी, निशा रानी कुमारी, उम्मी रूमान,सविता कुजुर आदि कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए झापा नेता संदेश एक्का

जलडेगा। प्रखंड के टिकरा में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम एवं अखंड हरिकीर्तन में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा क्षेत्र में मंदिर का निर्माण होने से लोगों का धर्म कर्म के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा और लोग क्षेत्र में गलत राह छोड़कर धार्मिक कार्यों में मगन रहेंगे। लंबे समय से लोगों के इंतजार खत्म होते हुए यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण किया है जहां पर लोग आकर भगवान की पूजन करेंगे उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले तमाम दाता एवं सहयोग करने वाले कार्यकताओं का भी शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण में एकता की परिचय मिलता है।

एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा ने मनाया 24वां स्थापना दिवस

टंडवा (चतरा)। सोमवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने अपना 24वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मुख्य महाप्रबंधक ताजेंद्र गुप्ता ने महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों, परिवारों और वसुंधरा लेडीज क्लब के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में एनटीपीसी का झंडा फहराया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि भारत के सबसे बड़े ऊर्जा समूह का हिस्सा होना गर्व की बात है, जिसने विकासोन्मुखी और ऊर्जा की भूख वाले देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपके समर्पण के साथ, हमने 1 मार्च, 2023 को उत्तरी करणपुरा में 660 मेगावाट की पहली इकाई का व्यावसायिक संचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है, जिसमें भारत की पहली एयर-कूल्ड कंडेनसर तकनीक है जो जल संरक्षण में मदद करेगी। संयंत्र की अब कुल क्षमता 1980 मेगावाट, प्रत्येक 660 मेगावाट की 3 इकाइयां होंगी। नॉर्थ करणपुरा प्लांट सबसे कुशल सुपरक्रिटिकल तकनीकों में से एक पर आधारित है और जल्द ही हम झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को आर्थिक बिजली की आपूर्ति करेंगे। इस अवसर पर सीजीएम ने कर्मचारियों को बधाई दी और लेडीज क्लब, स्पोर्ट्स काउंसिल, नॉर्थ करनपुरा कर्मचारी कल्याण संघ, आसपास के गांवों के लोगों, सीआईएसएफ कर्मियों सहित सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया। वहीं भागीदार विक्रेताओं, जनप्रतिनिधियों, जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया और अन्य सभी विभागों को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धनयवाद दिया।

प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

मयूरहंड(चतरा)। सोमवार को मयूरहंड प्रखंड कार्यालय सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रुप से समाजसेवी संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान बुराई पर अच्छाई की जीत को लेकर हर्षोल्लास के साथ गुलाल लगा एक दूसरे से गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार सिंह ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों, प्रखंड सह अंचल कर्मियों, मनरेगा कर्मियों व क्षेत्रवासियों से शांति पूर्वक होली पर्व मनाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत गुलाल लगाकर किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक सर्वेश सिंह, राजस्व उप निरीक्षक कृष्णा दांगी, पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, चंदन कुमार, रोजगार सेवक दयानंद राणा, रूपेश सिंह समेत सभी बिएफ्टी कर्मी समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

शिक्षक स्व. सहदेव नारायण सिंह को तृतीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

चतरा (हंटरगंज)। हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा स्थित राज्य संपोषित उच्च विद्यालय पाण्डेयपुरा के संस्थापक शिक्षक स्व. सहदेव नारायण सिंह की तृतीय पुण्य तिथि मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में दिवंगत के पुत्र नरेंदर सिंह (जेएन कॉलेज आरा प्राचार्य), शहेन्द्र सिंह (बैंक मैनेजर) वे उनके परिवार के साथ शिष्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंच का संचालन डी ठाकुर एवं मोहन तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय अध्यक्ष सुनील प्रसाद और प्रधानाचार्य जयंत कुमार की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर लोगों ने उनके द्वारा शिक्षक के रूप में शिक्षा के लिए विद्यालय की शुरूआत करने, व्यक्तित्व और सादगी जीवन पर चर्चा करते हुए अहम योगदान को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में गोविन्द शरण तिवारी, मदन तिवारी, मोहन तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, नवल किशोर सिंह, मदन सिंह, बसंत नारायण सिंह, बैजनाथ सिंह, राजेश्वर सिंह रामबृक्ष यादव भूतपूर्व मुखिया उपेंद्र यादव, वर्तमान मुखिया पति प्रभु भारती, सुरेंद्र यादव, बसंत सिंह भूषण सिंह, रामजी यादव अवधेश लाल, बसंत सिंह, कमलाकांत प्रसाद, पवन माथुर, अरुण सिंह, अवध सिंह व श्यामसुंदर प्रसाद आदि शामिल थे। इस अवसर पर दिवंगत के पुत्र नरेंद्र सिंह द्वारा घोषणा किया गया कि इस विद्यालय के मैट्रिक में सबसे बेहतर अंक से उतीर्ण होने वाले विद्यार्थी को पुरुस्कार स्वरूप 2000 रुपये नगद दिया जाएगा।

कृषि विज्ञान केंद्र बानो में माली प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बानो। कृषि विज्ञान केंद्र बानो व जिला उद्यान पदाधिकारी सिमडेगा के संयुक्त रूप से 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिप प्रज्ज्वलित कर किया ।इस अवसर पर जिला उद्यान सह कृषि पदाधिकारी मोनिंदर दास ने जिला द्वारा जिला में चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।माली प्रशिक्षण से किसानों को प्रशिक्षित होकर लाभ लेने की बात कही। डॉक्टर शंकर कुमार सिंह ने 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण के प्रारूप एवं पाठ्यक्रम के बारे जानकारी दिया। उन्होंने साग सब्जी, मसालों की खेती,औषधीय पौधों की उपयोगिता, मिट्टी की जांच के बारे में जानकारी दिया। डॉ हिमांशु सिंह वैज्ञानिक ने किसानों को पशुपालन द्वारा, प्राकृतिक खेती करने आदि विषयों पर जानकारी दिया।

6 बच्चों की हुई दस्तारबंदी

महुआडाड़। के ग्राम अम्वाटोली स्थित मदरसा अशरफिया गरीब नवाज में बाद नमाज ईशा रविवार को जलसा ए दस्तारबंदी रहमते आलम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जलसा ए दस्तारबंदी को लेकर बाहर से ओलमाए एकराम, मशइखए एजाम,व शोहराए इस्लाम तशरीफ लाए।जलसे की सरपरस्ती पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम सैय्यदुश शाह हजरत मौलाना वलीउल्लाह अहमद जया कादरी खानकाहे कादरिया अबदालिया दाउदनगर बिहार, जेरे सदारत पीरे तरीकत अलीमें शरीयत हाफिज अब्दुल जलील कौशर अशरफी,जेरे कयादत हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम सरवर फैजी, नाजिमें आला मदरसा अशरफिया गरीब नवाज महुआडाड,के द्वारा किया गया। इस जलसा ए दस्तारबंदी के मौके पर बाहर से आए ओलमाए एकराम के द्वारा तकरीर की गई। तकदीर में इस्लाम के एहकाम अल्लाह और रसूल की बढाई बयान की गई साथ ही लोगों को बताया गया कि इस्लाम एक बहुत ही बेहतरीन मजहब है और जो भी इस्लाम को मानने वाले हैं वे सभी मोहम्मद साहब पर ईमान रखते हैं और उसी के बताए रास्ते पर चलने की कोशिश करते हैं। और उन्हीं के बताए रास्ते पर चलकर ही दिन व में दुनिया की कामयाबी हासिल की जा सकती है। साथ ही बाहर से आए शायरे इस्लाम व नात खांव के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में शायरी व नात पढ़ी गई। जिससे जलसा में उपस्थित लोग झूम उठे। वहीं ओलमाओ के द्वारा देश दुनिया मैं अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद मुकम्मल कुरान हिफ्ज कर चुके सभी 6 बच्चों को पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम सैय्यदुश शाह हजरत मौलाना वलीउल्लाह अहमद जया कादरी खानकाहे कादरिया अबदालिया दाउदनगर बिहार व अन्य ओलमाओ के द्वारा पगड़ी पोशी कर दस्तार दी गई।

होली पर कई दुर्लभ योग, इस बार की होली खास : तिवारी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
2023 की होली में कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं जिस कारण इस बार कई होली खास है। यह बात 6 मार्च को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र के संचालक मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होने कहा की लगभग 12 वर्षों के बाद होली के दिन गुरु ग्रह और शुक्र देव मीन राशि में उपस्थित रहेंगे और 8 मार्च को रंगवाली होली खेली जाएगी। ज्योतिष अनुसार इस साल की होली यानी धुलंडी और भी ज्यादा खास होने वाली है। क्योंकि इस मौके पर दो बड़े ग्रह शनि और गुरु का अद्भुत संयोग जो देखने को मिलेगा।तिवारी ने कहा की होली के अवसर पर 30 साल बाद शनि अपनी स्वराशि कुंभ में मौजूद रहेंगे। वहीं 12 साल बाद देवगुरु बृहस्पति अपनी राशि मीन में विराजित रहेंगे। साथ ही कुंभ राशि में त्रिग्रही योग का भी निर्माण हो रहा है। ज्योतिषियों की मानें तो होली पर ऐसी स्थिति पूरे 30 साल बाद बनने जा रही है।

होली पर बन रहे हैं ये शुभ संयोग

मिथलेश तिवारी ने कहा होली के त्यौहार पर कुंभ राशि में शनि, सूर्य और बुध की युति बनी है। कुंभ का स्वामी भी शनि ही है। इस प्रकार पूरे 30 वर्षों बाद होली पर सूर्य, शनि और बुध के संयोग से बनने वाला त्रिग्रही योग बन रहा है। यही नहीं, सूर्य और बुध के मिलन से बनने वाला बुधादित्य योग भी इस समय बना हुआ है। इन तीन ग्रहों के अलावा देव गुरु बृहस्पति और असुरों के गुरु शुक्र की भी युति बन रही है। ये दोनों ही ग्रह गुरु की स्वराशि मीन में एकसाथ मौजूद है। इस समय गुरु भी स्वराशि मीन में विद्यमान है जहां पर वह उच्च का माने जाते हैं। इस प्रकार सौरमंडल के 9 में से पांच ग्रहों

की इस प्रकार की युति अपने आप में बहुत अनोखी बन गई है। इस युति का सभी राशियों पर समान रूप से प्रभाव पड़ेगा।

रामगढ़ में नवनिर्वाचित विधायक से शिष्टाचार मुलाकात कर दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
रामगढ़ । रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26, 28 और 32 के आजसू कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो के नेतृत्व में रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से उनके रांची स्थित आवास में शिष्टाचार मुलाकात कर जीत की बधाई दिया।इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने सभी को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यकताओं को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में विधायक के साथ

विकास कार्यों और योजनाओं में कदम से कदम मिलाकर सहयोग करने का निर्देश दिया। वहीं, नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने अपनी जीत को कार्यकताओं की मेहनत और रामगढ़ की जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ के पूर्व विधायक सह पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा रामगढ़ विधानसभा में किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाकर पूर्णता देना है। मुलाकात में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद 26 देवधारी महतो,जिला सह सचिव प्रदीप कुशवाहा, नगर परिषद उपाध्यक्ष ललन सिंह, डीया महतो, रजनीकांत सिंह, सीताराम सिंह, अमित सिंह, सुनील महतो, परितोष चटर्जी, अजय आस्था आदि शामिल थे ।

होली व शब-ए-बारात को लेकर डीडीसी ने किया शांति समिति की बैठक

त्योहार प्रेम-सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
आगामी होली एवं शबे बारात पर्व को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आयोजन हेतु शांति समिति के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अगर कहीं से भी लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील गाने बजाने अथवा रात्रि 10:00 बजे के बाद लाउडस्पीकर/ डीजे का इस्तेमाल किया जाता है तो संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी प्रशासनिक

एवं पुलिस अधिकारियों को उनके क्षेत्र में वैसे व्यक्ति जो कि पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ सकते हैं उनके खिलाफ धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों से उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्वरित जिला प्रशासन को देने की अपील करते हुए सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं,उन्होंने पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत संज्ञान लेने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर यातायात निरीक्षक को सघन वाहन जांच अभियान चलाने एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं अग्निशमन अधिकारियों को पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहने एवं किसी प्रकार की सूचना आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त उत्पाद को होली के दिन जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पर्व के मद्देनजर व्यापक रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को वैसे क्षेत्र जहां शांति समिति की बैठक नहीं हुई है वहां जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक करने एवं पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां सदस्यों को देने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान शांति समिति के सभी सदस्यों से जिला स्तरीय बैठक में दी गई जानकारियों को अपने क्षेत्र में अंतिम स्तर तक पहुंचाने की अपील की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रधान डाकघर में नए पोस्टमास्टर मनोज कुमार पदभार संभाला

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में नए पोस्टमास्टर मनोज कुमार पदभार ग्रहण किया । इससे पूर्व वे लोहरदगा पोस्ट ऑफिस में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत थे। मनोज कुमार ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि डाकघर की जितनी भी सेवाएं हैं उसे जिले के सभी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। हमारे डाकघर में आनेवाले सभी ग्राहकों को सुगमता पूर्वक सेवा दिया जायेगा। कुमार ने कहा की किसी भी ग्राहक को कोई भी परेशानी हो हमसे संपर्क करें हम उनकी परेशानी को दूर करने का कार्य करेंगे । डाकघर में पदभार ग्रहण करने के बाद मनोज कुमार सभी

कर्मचारियों से संबंधित शाखा में जाकर मिले आनेवाले लोगों से सहयोग करने की बात कही। पदभार ग्रहण करने के पूर्व रामगढ़ डाक विभाग परिवार द्वारा उनका बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरोजनी कुमारी, रविशंकर राय, राजीव कुमार, अभिजीत कुमार, लोकनायक नायक, प्रिया वर्णवाल, बबिता कुमारी, रूपेश कुमार मुंडा आदि उपस्थित थे ।

कांग्रेसियों ने दिया धरना केंद्र के खिलाफ उगले आग

नवीन मेल संवाददाता। बरही
पीएम मोदी का अडानी ग्रुप ऑफ कंपनी पर विशेष मेहरबानी दिखाने के कारण आज देश के करोड़ो जनता का पैसा डूबने के कगार पर है । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अडानी कंपनियों को 74000 करोड तथा एलआईसी से 94000 करोड रूपए कर्ज दिया गया। आज अडानी की कंपनी दिवालिया होने के कगार पर है, जो जगजाहिर है। ऐसे में जनता के करोड़ो रुपए पूरी तरह सुरक्षित हों गए है। जनता सदमे में है, उनके गाढ़ी कमाई का क्या होगा ? उक्त बातें इंडियन नेशनल कांग्रेस के नेताओं ने सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के समीप दिए एक दिवसीय धरना में कहीं। बरही में धरना प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्टेट डेलीगेट्स सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विशिष्ट अतिथि विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा आदि शामिल हुए। धरना के दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर आग बरसने का काम किया। बताया कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण आज देश की गरीब जनता महंगाई में पीस रही है, मेहनतकश लोगों के अरबों रुपए डूबने के कगार पर है। बावजूद केंद्र सरकार का कोई सकारात्मक रवैया नहीं दिख रहा है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, उदय केसरी, अशोक सिंह, गुलाम मुस्तफा, शशि जायसवाल, यमुना यादव आदि सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक नहीं बजेंगे डीजे व लाउडस्पीकर

बरही । होली और शबे बारात को देखते हुए अनुमंडल अधिकारी पूनम कुजूर ने पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 के रहता निषेधाज्ञा घोषित कर दिया है । यह निषेधाज्ञा विधि व्यवस्था को देखते हुए आगामी नौ मार्च तक जारी रहेगा । इस दौरान मेला, जुलूस, चार से अधिक व्यक्तियों का एक साथ घूमना, घातक हथियार के साथ टहलना, सोशल मीडिया पर अनावश्यक सूचना प्रसारित करना आदि जैसे कार्यों पर पाबंदियां लगाई गई है । उपावन दिया शादी, ब्याह, मृत्यु या सरकारी कार्य पर लागू नहीं होगा । रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6.00 बजे तक लाउडस्पीकर या डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा । शराब पर प्रतिबंध लगे रहेंगे । सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित नहीं करना होगा । होलिका दहन सुरक्षित क्षेत्र में करना अनिवार्य होगा । इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंड प्रक्रिया की धारा 144 के तहत कार्रवाई के जाएंगे । उक्त जानकारी अनुमंडल कार्यालय के सूत्रों ने दी है ।

सांसद प्रतिनिधि ने किया होली मिलन समारोह, फगुआ गीतों की रही बहार

नवीन मेल संवाददाता। बरही
सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कई समाजसेवी जनप्रतिनिधि और प्रवचन शामिल हुए । उपस्थित लोगों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंधन यादव आदि ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाईचारगी के साथ होली मनाने की अपील किया। मौके पर भूषण पांडे ग्रुप में होली गीत का मनोरंजक कार्यक्रम पेश कर लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पुआ पकवानों का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर कोल्हुआ कला के पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, बालो पंडित, रामेश्वर पांडेय, अर्जुन पासवान, सुरेन्द्र यादव, रमा रविदास, बबलु पांडेय, दीपक पांडेय, संजय पांडेय, विकास पांडेय, दिलीप पांडेय, जितेंद्र पांडेय, संतोष पांडेय, किशुन दास, उपेंद्र पांडेय, रंजित पांडेय, सुधीर पांडेय, सीता राम साव, रामलखन पासवान आदि मौजूद थे।

होली मिलन समारोह में लोगों के साथ विधायक ने उड़ाये अबीर गुलाल

बरकट्ठा। प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम में विधायक अमित कुमार यादव के सौजन्य से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायक अशोक कुमार राणा एवं शंकर गोस्वामी के द्वारा गाए होली गीतों का कार्यकताओं ने भरपूर आनंद उठाया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली त्योहार हमें भेद भाव भूलकर एकता की संदेश देता है। उन्होंने सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। वहीं लोगों ने होली में बने पकवान का भी स्वाद चखा और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष बरकट्ठा टुकलाल नायक,बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, समाजसेवी सुनील पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, भीम प्रसाद,अनील कुमार आजाद आदि शामिल थे।

हजारीबाग: डोभा में डूबने से भाई-बहन की मौत

हजारीबाग। इचाक प्रखंड के अलौंजा पंचायत के मदनपुर गांव में सोमवार को डोभा में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों आपस में भाई-बहन थे। घटना के बाबत मुखिया सिकंदर प्रसाद मेहता ने बताया कि गांव के मनोज कुमार यादव की बेटी सुमन कुमारी (12) और बेटा सौरभ कुमार (6) मवेशी चराने मदनपुर नदी किनारे गए थे। इसी बीच बहन पेड़ के छांव में बैठ गई, जबकि सौरभ बगल के डोभा में नहाने चला गया। अचानक सौरव गहरे पानी में चला गया और चिल्लाने लगा, जिसे बचाने के लिए सुमन भी डोभा में कूद गई। जहां दोनों की डूबने से मौत हो गई।

तीन ऑटो पर लदा एक टन ढिबरा जब्त

कोडरमा। वन विभाग की टीम ने डोमचांच लंगरापराश जंगल के पास से सोमवार की सुबह रेंजर रवीन्द्र कुमार के नेतृत्व में तीन ऑटो को जब्त किया है, जिसपर एक टन ढिबरा लदा हुआ था। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। इस बाबत रेंजर ने बताया कि सूचना मिली थी लंगरापराश जंगल से ढिबरा लोड करके तीन ऑटो डोमचांच की ओर जा रहा है। सूचना पर तीनों ऑटो वाहन को रुकने को कहा गया पर गश्ती दल देखकर लंगरापराश जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर कर चालक भागने में सफल रहे। ढिबरा लदे तीनो ऑटो को जब्त कर लिया गया। जब्त करके वन परिसर लाया गया। तीनों ऑटो में एक टन ढिबरा लोड था, जिसकी कीमत लगभग पचास हजार रुपया बताई जा रही है।

हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बरकट्ठा। बीते गुरुवार को बरकट्ठा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केंदुआ 1 निवासी सरस्वती देवी, पति अशोक राणा के द्वारा अपने 12 वर्षीय पुत्र ओमसागर राणा का बिटू राणा एवं अन्य के विरुद्ध 6 लाख फिरौती के लिए अपहरण करने के आरोप में कांड अंकित कराया गया था। जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुटी तथा कांड का उदभेदन करते हुवे कांड में संलिप्त बिट्टू राणा पिता कैलाश राणा साकिन केंदुआ1 एवं काशी यादव पिता भीखन यादव साकिन महुआटांड दोनों थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग तथा फिरौती की रकम मांगने वाले ब्यक्ति आशीष कुमार पिता प्रसाद मंडल ग्राम सरिया थाना जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया ।वहीं पकड़ाए बिट्टू एवम काशी यादव के निशानदेही पर अपहृत ओमसागर राणा के शव को कोल्हुवाकुदर स्थित दुलकी नदी में गुफानुमा चटान से बरामद किया गया तथा पकड़ाए तीनो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। विदित हो कि अपहृत ओमसागर राणा दिनांक 28 फरवरी को अपने चचेरे भाई बिट्टू राणा के साथ घर से बगल में घूमने गया था जो देर रात तक घर वापस नही आया था जिस पर अपहृत के माँ सरस्वती देवी द्वारा अपने पुत्र की गुमसुदगी का रिपोर्ट दिनांक 01 फरवरी को दर्ज करवाई थी।

सफलता | आर्यभट पब्लिक स्कूल का आठवां वार्षिकोत्सव का समापन

बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के तुर्कबाद स्थित आर्यभट पब्लिक स्कूल का आठवां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष बरकट्ठा प्रदीप कुमार मंडल, समाजसेवी रमेश प्रसाद यादव, स्थानीय मुखिया फुलवंती कुमारी, गैड़ा मुखिया प्रतिनिधि श्याम नायक, बरकनगांगो मुखिया प्रतिनिधि सरजू प्रसाद ,चुगलामों पंसस प्रतिनिधि मुकेश दास, दुलारचंद पासवान व सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। मौके अमित कुमार यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वहीं निदेशक सुरेंद्र प्रसाद ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक जितेंद्र पासवान ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के भी बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।इस तरह के विद्यालय होने से गरीब तबके के बच्चों को भी अंग्रेजी शिक्षा ग्रहण करने में सफलता प्राप्त होगी। स्कूल निदेशक सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि अपने गांव व क्षेत्र की बच्चे बच्चियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में स्कूल की स्थापना की गई। हमारा सपना था कि हम अपने क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देते हुए उनकि सर्वांगीण विकास किया जाए। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुमकुम ने कहा कि गांव में अंग्रेजी माध्यम का स्कूल खोलने से लड़कियों को काफी सहयोग मिला है। बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि गांव में इस प्रकार के स्कूल खुलने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है।

विहिप और बजरंग दल ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बरही
प्रखंड परिसर स्थित मनोकामना ईश्वर मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा भोले के गीत के साथ हुआ । कीर्तन मंडली ने सदस्यो ने फगुआ गीत गाकर उपस्थिति लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भी फगुआ गीत और जोगीरा सुनाकर उपस्थित लोगों का मनोबल बढ़ाने का काम किया । पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में लोगों से संयमित और सुरक्षित होली खेलने की अपील किया । कार्यक्रम में रमेश ठाकुर, राज सिंह चौहान, गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर, कैलाश ठाकुर, मनोज केसरी, भूपेंद्र यादव आदि सहित कई लोग मौजूद थे ।

डाहुल भाई का एक हसीन ख्वाब

आनंद सिंह

'नमस्ते सोढ़ी जी'
'नमस्ते डाहुल जी'
'सोढ़ी जी, आप कैसे हैं?'
'डाहुल जी, मैं ठीक हूं। आप कैसे हैं?'
'मैं भी ठीक हूं।'
'एक बात पूछनी थी आपसे सोढ़ी जी!'
'पूछिए-पूछिए डाहुल जी...'
'आपके नेता मुझे झप्पू क्यों कहते हैं?'
'वो तो आप नेताओं से ही पूछिए। वैसे मैं भी आपसे एक बात पूछना चाहता था।।।'
'पूछिए-पूछिए सोढ़ी जी...'
'मुझे आपके नेता फेंकू क्यों कहते हैं?'
'क्योंकि आप लंबी-लंबी फेंकते हैं। 56 इंच का सीना, भारत मंगलग्रह पर जाएगा, 2047 क आरत रक्षा क्षेत्र में सबसे बड़ा निर्यातक बन जाएगा...ये सब फेंकना ही तो है...'
'ओह, अच्छा...अब समझा। आपको मालूम है कि आपको लोग झप्पू क्यों कहते हैं?'
'क्यों भला?'
'क्योंकि आप एक तरफ से आलू डालते हैं और एक तरफ से सोना निकालते हैं।'
'लेकिन, ये आपका बयान था न।।?'
'था मेरा ही लेकिन जब मैंने देखा कि ये गड़बड़ हो गया है तो मैंने मीडिया के छुछंदरों से कहा कि आपके नाम पर चेंप दे। ये आपके नाम पर चेंप दिया गया। इसे हमारे मीडिया सेल ने इतना फेविकोल लगा कर आपकी पीठ पर चिपकाया कि आप आज तक इसे अपनी पीठ से निकाल नहीं सके। हेंहेंहेंहेंहें'
'वाह सोढ़ी जी, मान गए..'
'किसे?'
'आपको...'
'और...'
'आपकी चाल को। कितनी आसानी से आप लोगों को मूर्ख बना रहे हैं। लोग भी आपको मसीहा मान कर आपकी हर बात को मान लेते हैं। आप हर 4 महीने पर किसानों को 2-2 हजार की रिश्वत भी दे रहे हैं। 80 करोड़ को फ्री-फंड का भोजन भी दे रहे हैं और वो बदले में आपको वोट दे रहे हैं। कितने बड़े सपने दिखाते हैं आप लोगों को...'
'तो आप भी दिखाएं न डाहुल जी। लेकिन आपकी मार्केट में वैल्यू कम है। न के बराबर। आप कुछ कहेंगे तो भी लोग उसे नहीं मानेंगे। सबको पता है कि आप घासलेटी हैं और घासलेटी जो कहते हैं, वो कभी नहीं करते। मैंने लोगों को उल्लू बनाया। ये मेरा काम है। मैंने जिंदगी में कभी डाय नहीं बेची। लेकिन, हर सभा में मैंने लोगों से कहा कि मैं डाय बेचता था। डाय बेचने वाले मुझसे जुड़ गए। मैं कुछ भी करूं, डाय बेचने वाले उसे सही मानेंगे। मेरा वोटबैंक डाय बेचने वाले हैं। बाकी लोग भी हैं। मेरा काम ही था उन लोगों को बेवकूफ बना कर वोट लेना। आप ही देखो, मैं 9 साल से टीएम हूं और आप सच बोल कर भी जनता की नजरों में झप्पू ही बने हुए हैं...'
'लेकिन सोढ़ी जी, एक बात बताओ। क्या सच का जमाना खत्म हो गया? आप झूठ बोल-बोल कर 9 साल से टीएम हो, ये एक सच है। मैं सच बोल-बोल कर भी एक ड्रापोटा ही बन सका! सोढ़ी जी, मामला क्या है? क्या रसायन है आपके पास?'
'देखिए डाहुल जी। झूठ अकेले मैं ही नहीं बोलता। वो ड्रापोटावाल है न, वो भी दिन-रात झूठ बोलता है। देखिए, वह लगातार दिल्ली का सीएम बना हुआ है। उधर फोंटी दीदी को देखिए। वो भी लगातार झूठ बोल-बोल कर सीएम की कुर्सी पर बैठी हुई है। आप और वो दढ़ियल लगातार सच बोल रहे हैं। आप लोग सच बोलते रहिए। आपके सच को झूठ मान कर जनता हमें वोट देती है। हम फिर 2029 तक टीएम बनेंगे...'
'लेकिन सोढ़ी जी, मैं भी टीएम बनना चाहता हूं। लगातार मेहनत कर रहा हूं। 4000 किलोमीटर पैदल चला हूं...'
'डाहुल जी। आप 40000 किलोमीटर भी पैदल चलेंगे तो कुछ नहीं होगा। आपमें मेरी क्वालिटी नहीं है। आप मुझे अपना गुरु मान लीजिए, मैं आपको इस देश का टीएम बना दूंगा।'
'वो भला कैसे सोढ़ी जी...'
'आपको झूठ बोलने में पीएचडी करनी होगी। ये सिर्फ पूरी दुनिया में मैं ही करा सकता हूं। ध्यान रहे, मेरी यूनिवर्सिटी की कोई ब्रांच नहीं है। झूठ बोलो, टीएम बनो का कोर्स अब एडवांस्ड हो गया है। आपसे मैं कोई फीस नहीं लूंगा पर आपको रोज 18 घंटे मेरे साथ रहना होगा, झूठ बोलने की प्रैक्टिस करनी होगी। तभी आप एक दिन टीएम बन पाओगे...'
'ठीक है सोढ़ी जी। आज से आप गुरु, मैं चेला...'
'बहुत अच्छे बच्चे। अब 2029 तक मैं टीएम! तुम मेरे शिष्य। 2029 के बाद देखता हूं, क्या हो सकता है...'
'ठीक है'
बोलिए सोढ़ी जी की जय...

(मेडम एक्स ने डाहुल भाई के मुंह पर एक बाल्टी पानी फेंक दिया। डाहुल अकबका कर उठे। अब उन्हें समझ में आया कि वह सपना देख रहे थे। मेडम एक्स ने कहाः करते-धरते तो कुछ हो नहीं। दिन-रात सोए रहते हो और ख्वाब देखते हो टीएम बनने का। 2029 तक नो वेकेंसी। सोढ़ी ही रहेगा टीएम। अब जा बाथरूम। आज होली है।)

(बुरा न मानो, होली है)

बचपन की होली

अटल कश्यप

रंग, गुलाल
भांग की गोली,
याद आती
बचपन की होली,
करते हुडदंग
बनाते टोली,
याद आती
बचपन की होली,
लेते चंदा
भरते झोली,
याद आती
बचपन की होली,
भरके पिचकारी
करते ठिठोली,
याद आती
बचपन की होली,
लेकर मिठाई
खाते हमजोली,
याद आती
बचपन की होली,
बोलते बोली
हैप्पी होली,
याद आती
बचपन की होली,
थे वे रंग कच्चे
दिलों में थी सच्ची बोली,
याद आती
बचपन की होली।

साजन! होली आई है!

फणीश्वर नाथ रेणु

साजन! होली आई है!
सुख से हँसना
जी भर गाना
मस्ती से मन को बहलाना
पर्व हो गया आज–
साजन! होली आई है!
हँसाने हमको आई है!
साजन! होली आई है!
इसी बहाने
क्षण भर गा लें
दुखमय जीवन को बहला लें
ले मस्ती की आग–
साजन! होली आई है!
जलाने जग को आई है!

व्यंग्य

ईडी का मतलब आई लब यू

नवेन्दु उन्मेष

हमारे राज्य में इनदिनों ईडी खूब होली खेल रही है। पहले सीबीआई की होली होती थी। सीबीआई वाले मुहूर्त निकाल कर घोटालेबाजों के घरों में अपनी पूरी मंडली के साथ झाल-मंजरी बजाते हुए सुबह-सुबह चले आते थे और घरों में रखी फाइल निकाल कर उससे होली खेल लेते थे। उनलोगों ने यहां पशु पालन घोटाला और अलकतरा घोटाला करने वालों के साथ खूब होली खेली। हाल यह था कि सुबह-सुबह अखबार खोलों तो पढ़ने को मिलता कि कल अमुक घोटालेबाज के घर पर सीबीआई वाले होली खेलने गये थे। लेकिन इनदिनों मुआ सीबीआई वालों ने लगता है कि होली खेलना बंद कर दिया है। मैं समझता हूं कि उनके पास होली का रंग खत्म हो गया है। अब कहीं उनका अता-पता नहीं चल रहा है।

लेकिन अब तो ईडी को ही होली का नया नशा चढ़ गया है। वैसे भी अब ईडी या सीबीआई की खबर पढ़ने के लिए कल की सुबह का इंतजार नहीं करना पड़ता। अखबार का इंतजार करता कौन है। निजी चैनलों पर तत्काल खबरें आ जाती है कि आज सुबह-सुबह ईडी की टीम ने उक्त अधिकारी के घर पर पहुंचकर होली खेल लिया है। ईडी वाले जब एक अधिकारी के घर पर पहुंचे तो अधिकारी घर से गायब हो चुके थे। लेकिन अधिकारी के घर पर रूपयों का पहाड़ मिला। ईडी वाले उस पहाड़ पर चढ़कर खूब नाचे। होली ऐसे खेल रहे थे जैसे फिल्मी होली खेली जाती है। कोई इस आलमारी को खोल रहा था तो कोई उस दराज को। ईडी वालों ने अधिकारी के घर में मौजूद नौकर-चाकरों से पूछा तो पता चला कि अधिकारी तो होली खेलने नेताजी के घर पर गये हुए हैं। नेताजी भी आला दर्जे के थे। अधिकारी ने उनके घर पहुंचकर अपने घर का हाल बताया तो बोले तुम भी गजब के प्राणी हो। तुम्हें रुपयों की होलिका दहन करने नहीं आता है। अधिकारी ने कहा हुजूर मैंने ये रुपये होलिका दहन करने के लिए थोड़े कमाये थे। मैंने तो इस राज्य का इतना विकास किया कि रुपये मेरा पिया घर आया गाते हुए खुद मेरे घर पर चले आये। वैसे भी पिया हर हमेशा बारात लेकर दुल्हन के घर पर ही आते हैं। मैंने जैसे-जैसे राज्य का विकास किया पिया भी रुपयों का माला लेकर मेरे घर पर आ धमके और मुझे रुपयों की माला पहनाते चले गये। उन रुपयों को अगर मैं घर पर नहीं रखता तो कहां रखता। मुआ ईडी वाले तो दाल भात में मूसल चंद निकलें। उन्हें क्या पता कि रुपया कमाया कैसे जाता है।

नेताजी बोले अगर तुमने कुछ रुपये मेरे या ईडी वालों के मुंह में मार दिया होता तो ये दिन देखने को नहीं मिलते। आगे उन्होंने कहा-मेरे पास तो जनता की ताकत है। ईडी वाले मेरे घर पर आ करके देख लें। जनता उनका खटिया खड़ा कर देगी। लेकिन तुम्हारे खिलाफ तो पूरी जनता खड़ी है। लेकिन इन सब के बावजूद मुझे लगता है कि ईडी वालों को तुमसे प्यार हो गया है। इसलिए वे होली खेलने तुम्हारे घर आ धमके हैं। इस लिए तुम दोनों पति-पत्नी मिलकर किसी नदी के किनारे चले जाओ और पहाड़ पर झूम-झूमकर गाओ- ईडी का मतलब आई लव यू।

अधिकारी बोले-मुझे नौकरी की आफत पड़ी है और आप मुझे बचाने की जगह डुएल गाने की सलाह दे रहे है।

नेता बोले-आखिर मैं तुम्हारी सहायता कैसे कर सकता हूं। आजकल ईडी वालों ने ही होली दफ्तर खोल लिया है। कल मुझे भी ईडी ने होली खेलने के लिए आपने दफ्तर बुलाया है। मैंने अपने दल के कार्यकर्त्ताओं को कह दिया है कि तुम लोग भी मेरे पीछे-पीछे चले आना और गाना चलो बुलावा आया है, ईडी ने बुलाया है।

दूसरे दिन नेताजी भी होली खेलने के लिए ईडी के दफ्तर पहुंच गये। ईडी वालों ने पूछा-मुझे खबर मिली है कि आपने खनन घोटाला किया है।

नेताजी ने सवाल का जवाब दिया। अपने राज्य में तो इस तरह का घपला-घोटाला होते ही रहता है। आप यह कोई नया सवाल नहीं पूछ रहे हैं। पहले राज्य में अबरख होता था। होली पर बिकने वाले गुलाल में अबरख मिलाया जाता था ताकि लोगों के चेहरे पर कुछ नही तो चमक दिख सके, लेकिन अब तो वह भी बाजार से गायब हो चुका है।

ईडी वालों ने फिर सवाल दागा-खनन घोटाले में कमाये कितना यह तो बताइये। नेताजी बोले खनन घोटाला होता क्या है। यहां तो पहले नक्सली खून की होली खेला करते थे। जब से मैंने नेतागिरी की दुकान खोली है तब से नक्सलियों ने खून की होली खेलना बंद कर दिया है।

सवाल-जवाब चल ही रहा था कि इसी बीच कुछ लोग भांग से भरा गिलास लेकर नेताजी के पास पहुंच गये और बोले आपका गला सूख गया होगा। इसी पी लें तब आप सवालों का सही जवाब दे पायेंगे। नेताजी ने पी लिया और बाद में उन्हें पता चला कि वे गलत दफ्तर में पहुंच गये हैं। यह ईडी कार्यालय नहीं, बल्कि होली कार्यालय है जिसे होली के अवसर पर नेताओं के लिए खोला गया है। होली के अवसर पर प्रत्येक दिन यहां एक नेता की पेशी हो रही है। भांग का नशा चढ़ने के बाद नेताजी ने वहां से निकलना बेहतर समझा।

लला मत जइयो खेलन होरी...

अशोक मिश्र

खेल में पहुंचने के बाद मैंने इधर-उधर देखा। दूर-दूर तक किसी को न पाकर मैं गाने लगा, 'रसिया रस लूटो होरी में...रसिया रस लूटो...।' तभी देखता क्या हूं, एक व्यक्ति श्रीकृष्ण की तरह पीतांबर, सिर पर मोर पंख और हाथ में वंशी धारण किए उधर से जा रहा है। मुझे गला फाड़-फाड़कर गाते देख वह मेरे पास आया और बोला, 'मैं श्रीकृष्ण हूं... गौ पालक, कंस विनाशक, देवकी नंदन वासुदेव श्रीकृष्ण... काफी दिनों से इच्छा थी एक बार फिर बरसाने और नंदगांव में होली खेलने की, सो चला आया। तुम मुझे बरसाने ले चलो, जहां कभी राधा प्यारी और उसकी सखियां हाथों में रंग-गुलाल लिए नंदगांव के हीरहारों का इंतजार किया करती थीं। मैं खुद ही चला जाता, लेकिन दिक्कत यह है कि मैंने बरसाना या नंदगांव जैसा छोड़ा था, वैसा अब रह नहीं गया है। मैं समझ ही नहीं पा रहा हूं कि नंदगांव कहां है और बरसाना कहां? तब से अब तक पूरा ब्रज प्रदेश ही बदल गया है।'

मेरे मुंह से एकाएक निकला, 'होली खेलने आए हैं, यह बहुत अच्छा किया। मैं अभी गांव के लोगों को इकट्ठा करता हूं, पुरुषों के साथ होली खेलकर मन को संतोष दे लीजिए। लेकिन खबरदार! जो किसी महिला या कुंवारी को राधा, अनुराधा या गोपिका समझकर उसकी ओर देखा या उससे छेड़छाड़ की। द्वापर में आपने जो कुछ किया, किया होगा। आपके नाना, मामा, पिता और आप स्वयं वहां के राजा थे। राजा चाहे जो कुछ भी करे, उसका अधिकार है। आपके उन कार्यों का विरोध कौन करता? लेकिन, अब मामला उलट गया है। अब पूरे देश में लोकतंत्र है...वे दिन लद गए, जब आप नहाती गोपिकाओं के कपड़े उठाकर भाग जाते थे, उनकी मटकी फोड़ देते थे, उनके साथ रास या महारास रचाते थे, हजार-हजार पत्नियां रखते थे। देवकी नंदन जी! वे दिन हवा हो गए। अगर आपने कुछ ऐसा-वैसा किया, आप तो होंगे जेल में और आपकी कोई जमानत लेने वाला नहीं होगा।'

मेरी बात सुनकर अकबकाए से श्रीकृष्ण बोले, 'वह तो मेरी लीला थी...प्रेम का संदेश देने के लिए।' उनकी बात सुनकर मैंने तल्ख लहजे में कहा, 'भूल जाइए लीला-वीला...अब तो यह सब संज्ञेय अपराध है। आपने कहीं भूल से भी किसी गोपिका या राधा को घूरकर देखा, वन में, बागों में, तड़ाग में या फिर दूसरी जगहों पर उनका पीछा किया, उसके कपोलों, हाथों या दूसरी जगहों पर रंग, अबीर या गुलाल लगाने की कोशिश की, तो अपनी भट्ठी बुझी ही समझिए। यौन उत्पीड़न या छेड़छाड़ के आरोप में अंदर जाने का मन हो, तभी ऐसा कीजिएगा। अभी कुछ ही दिन पहले हमारी सरकार ने एक नया कानून पास किया है। उसके मुताबिक, भले ही आपने अपनी प्रिया राधारानी को अनुराग भरी नजरों से निहारें, लेकिन वो आपसे पुरानी खुन्नस निकालने के मूड में हों, तो समझिए आप गए बारह के भाव। कोई नहीं सुनेगा या मानेगा कि आप अनुरागी भाव से निहार रहे थे। वासुदेव श्रीकृष्ण! अब आपकी भी धौंस नहीं चलने वाली। यदि कोई पुलिस वाला गोपिकाओं या राधा की अर्जी पर गौर नहीं करेगा, उसकी नौकरी गई तेल बेचने। अभी कल की बात है, मेरी पड़ोसी मुसदीलाल ने भंग की तरंग में छबीली भौजी से तनिक ठिठोली क्या कर ली, बात पहुंच गई थाने तक। छबीली भौजी का आरोप है कि मुसद्दीलाल ने बदनीयती से मेरा हाथ पकड़ा और गालों पर गुलाल मला।

वहीं मुसद्दीलाल बेचारे सफाई दे रहे हैं कि जब से छबीली भौजी इस गांव में ब्याह कर आई हैं, वे हर साल भौजी को इसी तरह होली पर रंग लगाते रहे हैं, ठिठोली करते रहे हैं। गांव की सभी भौजाइयों को पकड़-पकड़कर रंग में डुबोते रहे हैं और भौजियां साल भर इस धींगामुश्ती को याद करके कभी शरमाती थीं, तो कभी मुस्काती थीं।' मेरी बात सुनकर हैरान-परेशान श्रीकृष्ण ने कहा, 'जब आ गया हूं, तो ब्रज की गोपिकाओं के साथ होली खेलकर ही जाऊंगा। भले ही कुछ भी हो जाए।' इतना कहकर श्रीकृष्ण चल दिए। उनकी बात सुनते ही महाकवि पद्माकर की ये पंक्तियां याद आ गईं, 'नैन नचाय, कह्यो मुस्काय, लला फिर अइयो खेलन होरी।' मैं झट से उनके पीछे यह कहते हुए भागा, '...लला मत जइयो खेलन होरी।' लेकिन यह क्या...मेरे दायें घुटने में दर्द क्यों हो रहा है? मैं चौंक गया, होश ठिकाने आए, तो पता चला कि मैं सपना देख रहा था और सपने में श्रीकृष्ण को रोकने के चक्कर में मेज से टकराकर अपना घुटना तुड़वा बैठा था।

इस बरस कौन रंग चढ़ाऊँ बैरी सजनवा

डॉ प्रदीप उपाध्याय

मुझे मालूम है कि तू बहुत रंग-रंगीला हो चला है।जब से इस मुई राजनीति का तुझे चस्का लगा है तब से तुझे होली के रंग से ज्यादा चुनाव के रंग भाने लगे हैं।मुझे मालूम है कि जब मेरे साथ ही था तब रंगों से बहुत दूर भागता था ,तुझे रंग काटने को दौड़ते थे।तब तुझे हर रंग फीके लगते थे,तू रंगों से डरकर मुँह छुपाता फिरता था और अब हाल ये है कि तू खुद ही राजनीति के रंग में केवल रंगा ही नहीं है बल्कि डूब सा गया है। लगता है कि अब तुझ पर दूसरा कोई रंग चढ़ ही नहीं पा रहा है।

पहले तो होली की हुडदंग से भी तू घबराता था जबकि उस हुडदंग का अपना अलग ही मजा है,मस्ती है लेकिन अब तू चुनावी रंग जमाने की खातिर जो हुडदंग करता-करवाता है उससे तो मेरा दिन का चैन और रातों की नींद हराम हो जाती है किन्तु तुझे जरा भी तरस नहीं आता है।अब तो तू खुद ही मुझे रिझाने का कोई मौका नहीं छोड़ता है,हर तरह के रंगों को आजमा लेता है। तेरी रंगीली छवि से कौन वाकिफ नहीं है।तू चाहता है कि मैं बस तेरे ही रंग में रंग जाऊं और मीरा के प्रेम रंग की तरह तेरे चुनावी रंग में ही सदैव-सदैव के लिए डूब जाऊं। लेकिन तेरी यह चाहत सिर्फ और सिर्फ चुनावी मौसम तक ही तो सीमित रहती है। बाकी समय तो तू मुझे मेरे हाल पर बेहाल छोड़ जाता है फिर तुझे अगले चुनाव तक कहाँ कुछ याद रहता है कि मैं किस हाल में हूँ। चुनाव के समय तो तू किसिम किसिम के वादों-आश्वासनों की पिचकारियाँ को साथ लेकर घुमता रहता है ,अपनी गलबहियाँ डालकर मुझे बहलाता है,फुसलाता है,ललचाता है और मैं लोभ में आकर बहक जाती हूँ,फिसल जाती हूँ तेरी लोकलुभावन मुद्राएँ देखकर! और हाँ,तब मुझे भी लगता है कि मैं तेरे रंग में रंग गई हूँ।तेरे लिए तो चुनाव का मौसम ही फाग है। तू चुनावी फाग ही तो अलापता है।जिस तरह से फाग की मस्ती में मैं प्रेम राग अलापती हूँ,तू चुनाव की मस्ती में सत्ता राग अलापने बैठ जाता है।मैं तो इधर होली में बुराइयों को होलिका के साथ दहन करने और प्रेम-भाईचारा बांटने का संदेश देती हूँ और एक तू है जो चुनाव में आपसी मनमुटाव और भेदभाव के बीज बोकर बुराइयों के संदेश बांटता फिरता है।

मैंने तो तुझपर सतरंगी रंगों की बौछार कर तुझे अपने रंग में रंगना चाहा लेकिन एक तू है जो कलुषित मन लिए हुए अपने हाथों में इन्द्रधनुषी पिचकारी का दिखावा कर मुझे श्याम रंग की चाशनी से बदरंग करता चला आ रहा है और फिर चहुंओर कालिमा बिछाकर चल देता है।

कैसा छलिया हो गया है रे तू।अपनो के बीच से निकलकर भी तो तू अपना नहीं रह गया है।कितना छलावा करता है,लाल-हरे-पीले रंग दिखाकर अपने भीतर छुपाए काले रंग से चुनावी होली खेलने की तेरी कोशिश।मुझे सब समझ में आता है लेकिन क्या करूँ, तेरे छल-प्रपंच हैं ही ऐसे कि तेरा कालाकूट भीतरी रंग भी चुनावी मौसम में मुझे इन्द्रधनुषी रंग दिखाई देने लगता है और मैं तेरे बहकावे में आ जाती हूँ। क्या तू कोई जादूगर हो गया है।कहीं तुने बंगाल का काला जादू तो नहीं सीख लिया है! मैं समझ नहीं पा रही हूँ कि ऐसा भला क्यों हो जाता है।मेरी आँखों के सामने ऐसे जाले क्यों पड़ जाते हैं और मैं क्यों ऐसे सम्मोहित हो जाती हूँ।क्या तुने सम्मोहन विद्या भी सीख ली है या फिर इस चुनावी रंग में ही सम्मोहन शक्ति विद्यमान है।

एक बात और,क्या तुझे होली पर निकलने वाली रंग बिखेरती-रंग उड़ाती उल्लास बढ़ाती गेर और तेरी चुनावी शोर मचाती रंगीन रैली का अंतर नहीं मालूम।मैं तो कहती हूँ कि तू फिर वापस आकर मुझमें यानी अपनी जनता में समा जा।आ फिर वही फाल्गुनी होली का जश्न मनाएँ। आखिर जनता होने और कहलाने में तुझे क्या परेशानी है।तेरा दर्जा कम तो नहीं होगा। तू चुनावी होली से सौहार्द बिगाड़ने की सीख देने के बजाए फाग की होली के रंग से सौहार्द कायम करने का माहौल बना।अभी तो मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि इस बरस कौन रंग चढ़ाऊँ बैरी सजनवा तुझपर कि तू तू न रहे और बस मुझमें समाकर आम जन हो जाए!

काले रंग के पक्ष में

ब्रजेश कानूनगो

काले रंग में महानता छिपी होती है। बल्कि यों कहा जाए महानता काले रंग में ही अधिक खिलती है हमारे ग्रंथों में कहीं इस बात का उल्लेख नहीं मिलता कि हमारी आदर्श विभूतियों ने कभी अपने काले होने का दुःख व्यक्त किया हो। महानता के रंग का काले रंग के साथ अद्भुत संयोग होता है। पीले सिंह पर महाकाली, सफ़ेद हिमालय पर विराजमान काले शिव और गले में काला नाग,काले चूहे पर बुद्धि के देवता काले हाथी का मस्तक धारण किए गजानन। 'काली-काली अँखियों ने ऐसा जादू डाला, बन गया काला नंदलाला।' कजरारी आँखों का अनोखा चमत्कार,जिससे 'माधव' कृष्ण बन जाते हैं।न जाने क्यों जब भी किसी पर स्याही उंडेल दी जाती है , बवाल खड़ा हो जाता है। होली खेलने में भी काले रंग से ऐसे बचते हैं जैसे कोई तेजाब लगाने चला आ रहा हो। रंग तो रंग होते हैं। क्या लाल, हरा, सफ़ेद या काला। लोगों को आखिर काले रंग से इतनी चिढ क्यों होती है, मैं आज तक नहीं समझ पाया हूँ।

अब देखिये! गाय काली हो, लाल हो या सफ़ेद वह दूध तो सफेद ही देती है। भैंस का रंग भी यदि बदल जाए तो क्या हम घी और दही से परहेज करने लगेंगे। इसी तरह धन भी बस धन होता है वह काला हो या सफेद क्या फर्क पडने वाला है। यह कैसा रंग भेद? जीवन में सुख –दुःख का एक साथ अस्तित्व होता है ,दुःख नहीं होगा तो सुख का आनंद दुलंभ हो जाएगा उसी तरह काले के बगैर उजले या किसी अन्य रंग के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। काला रंग अन्य रंगों के सौंदर्य का आधार है। आकाश काला होगा तभी तो सितारों का संसार झिलमिला सकेगा। काली रात ही है जिसके कारण चाँद और चांदनी का अस्तित्व है।

काले रंग से प्रभावित नायक गा रहा है- 'गोरे रंग पे इतना न गुमान कर गोरा रंग दो दिन में झर जाएगा।' उधर नायिका काले रंग की महिमा का बखान करते हुए गा रही है- 'मोरा गोरा रंग लइले ,मोहे श्याम रंग दइदे ।' अहा! कितना मर्मस्पर्शी अहसास है।

जहाँ सफ़ेद हाथी से काला हाथी अधिक विश्वसनीय और ईमानदार होता है,वहीं सफ़ेद कबूतर की गुटर गूं से काली कोयल की कुहुक कानों में मिश्री घोल देती है। श्वेत क्रान्ति का नारा खोखला है जब तक कि उसमे दूध की धारा प्रवाहित करनेवाली काली भैसों का योगदान न रहे।

किसी से अब यह भी छुपा नहीं रह गया है कि समृद्धि काले दरवाजों से ही गृह प्रवेश करती है। लोकायुक्त के छापों और न्यायपालिका की फटकारों से यह सच्चाई सिद्ध भी हो चुकी है। यह अलग बात है कि न जाने किस काले जादू के कारण कुबेरों की खाता सूची से कई नाम अन्धेरों में विलुप्त हो जाते हैं या उनका वहाँ होने का कोई अर्थ ही नही रह जाता है। काले की माया और महिमा अद्भुत होती है।

बहरहाल, काले रंग के प्रति जो काला पर्दा हमारी आँखों पर पड़ा हुआ है, इसे हटाना चाहिए । काले रंग को किसी भी तरह अशुभ या असुंदर नहीं समझा जाना चाहिए। क्या प्रेयसी के बालों में लगा सफ़ेद फूल कभी सफ़ेद बालों में दिखाई दे सकेगा ? क्या सफ़ेद जुल्फें लहराएंगी तो सावन का महीना आ सकेगा ? काली घटाएं नहीं घिरने पर विरह की व्यथा और इंतजार की टीस कैसे अनुभव की जा सकती है। सच तो यह है कि दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण रंग है तो वह शायद काला ही है। हर रंग पर काला रंग, रंग जमा लेता है। इसे किसी के अपमान से जोड़ा जाना भी ठीक नहीं लगता। तो आइये एक काला टीका हमारी ओर से भी लगा लीजिये इस होली पर। सच मानिए आपकी मस्ती और खुशियों पर किसी की बुरी नजर भी प्रभाव नहीं डाल पाएगी।

आशा का दर्शन और प्रेम का सूत्र

सुधीर राघव

होली सिर्फ अंग रंगने का त्योहार नहीं है। यह मन की हिलौरें लेती उमंगों का पर्व है। जिसके पास जो रंग है, वह प्रकट हो जाता है। टेसू और गुलाब अपने सबसे चटख रंग दिखाते हैं तो गेंदा, चंपा, सरसों, डहलिया, गुलदाउदी, ट्यूलिप की क्यारियां भी कोई रंग नहीं छुपातीं।

फाल्गुन की शीतल मन्द समीर बहुत मायावी है। मानव मन के सारे नकाब इसके एक झोंके से उतर जाते हैं। इसके जादू से सारी असलियत बहार आ जाती है। वृंदावन के हुरियारे बरसाने जाकर लट्ठ खाते हैं। ये लट्ठ भी प्रेम का प्रतीक हैं। बताओ फाल्गुन के शुक्ल पक्ष की नवमी के अलावा किसी और महीने में कोई सोच सकता है कि लट्ठ से भी प्रेम बरस सकता है। और प्रेम की यह बरसात चैत की परवा तक होली की पिचकारी की बौछारों संग पूरे बृज में निर्बाध चलती है। भौजाइयां कपड़े के कोड़े बनाकर देवरों की भीगी पीठ पर प्रेम का ऐसा गाढ़ा रंग करती हैं कि उस पर फिर कई दिन अपने हाथों से मलहम भी लगाती हैं। यह बांगड़ और मेवात की होली है, जहां से सबसे लड़ाके और बहादुर युवा निकलते हैं तो इसमें होली का भी योगदान है। भाभी के कोड़ों का प्रेम है।

होली की प्राचीन परंपरा आंचलिक होली में समाई है। ब्रह्म मुहूर्त में होली दहन में जौं और गेहूं की बालियां भूनकर उनके दाने घर घर देने जाते हैं, बड़ों के पांव छूते हैं और सबको गले लगाते हैं। प्रेम का यह रस पौ फटने से पहले बरसने लगता है। उसके बाद गांव की कच्ची गलियों की धूल से होली होती है। अपने गांव की मिट्टी एक दूसरे पर उड़ाई जाती है। सब धूल से सराबोर होते हैं। सब जन्मभूमि के रंग में रंगे होते हैं। इसे धुलैंडी कहते हैं। जब से गांव गांव खड़ंजा हुए हैं और गलियां पक्की हुई हैं तब से धुलैंडी विलुप्त हो रही है। मगर चाय पकौड़ी और गुझिया के साथ अबीर गुलाल ने होली में बाजार के रंग भी भर दिए हैं। होली में बाजार का रंग भी प्रेम का रंग है, इससे बहुतों की रोजी रोटी चलती है।

होली का अर्थ सिर्फ प्रहलाद ही नहीं है। हिरण्यकशिपु भी मौजूद हैं। कीचड़ की होली खेलने वाले भी रहे हैं और ऐसे भी जिनके भीतर अंधेरा है और हाथों में काला रंग। उन पर कितना भी गुलाल उड़ाओ, बसंती रंग डालो मगर वे पलटकर कालिख ही पोतेंगे और फालगुन में हमारे उदारवाद के शिखर के दर्शन कीजिए कि खुशी से कालिख पुतवा कर भी हम गले लगाते हैं और पूरे जोश से गाते हैं 'बुरा न मानो होली है'।

फाल्गुन में मन की हर बात बहार आती है। नेता भी खुद को कंट्रोल नहीं कर पाते। नेताओं की होली अलग तरह की होती है। अभी नेपाल में ओली ने प्रचंड संग होली खेली है। प्रचंड अब समर्थन के लिए भागे फिर रहे हैं। सीबीआई भी सिसोदिया को होली मनाने के लिए ले गई। जरूरी नहीं है कि फाल्गुन पर मस्तों की ही टोली घर आए, किसी नेता के घर सीबीआई, ईडी या आईटी के अफसरों की टोली भी पहुंच सकती है। मगर मस्त रहिए। बुरा किया है तो होली में भरना होगा। भले हो तो भला ही होगा। इस बार सबसे भयंकर होली शेयर बाजार में जल रही है। छोटे-बड़े निवेशकों के अरबों स्वाह हो गये। मगर माया आनी जानी है, उससे कैसा मोह। प्रेम प्याला होली का पीकर और मस्ती की खाक छानकर जीवन के रंगों में सराबोर हो जाना ही इस महान पर्व की प्रेरणा है। होली दर्शन है आशा का और सूत्र है प्रेम का। हम प्रेम में बंधकर बड़ी आशा से भविष्य को देखते हैं और पूरे जोश के साथ कर्म करने के लिए उठ खड़े होते हैं। सभी हुरियारों को प्रेम रंग की शुभकामनाएं।

लोहरदगा की ढेला मार होली

राहुल कौशल

सेन्हा प्रखंड के बरही चटकपुर गांव में ढेला मार होली बेहद प्रसिद्ध है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि साल सम्वत कटने के दूसरे दिन लोग धर्म के प्रति आस्था के साथ खूटा उखाड़ने जाते हैं। इस समय जो लोग खूंटा उखाड़ते हैं, उन्हें ढेला मारा जाता है। दूसरे शब्द में कहें तो असत्य पर सत्य की विजय हो, ऐसा मान कर लोग ढेला मारते हैं। इसे देखने के लिए सैकड़ों लोग आते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है, जब इस ढेला मार होली में मुस्लिम समुदाय के लोग भी खूंटा उखाड़ने के लिये आते हैं।

गांव के बुजुर्गों का मानना है कि ढेला मार होली को दूसरे गांव से आए लोग देख सकते हैं पर इसमें हिस्सा नहीं ले सकते है। अगर वह जबरदस्ती इसमें शामिल होते हैं तो उनके साथ अप्रिय घटना घट जाती है। यहां सभी मिलकर भाईचारे के साथ ढेला मार होली को मनाते हैं। मान्यता है कि ढेले से किसी को चोट नहीं लगती। जो ढेला खाने के बावजूद बिना डरे खंभे को उखाड़ कर देवी मण्डप के पीछे फेंकता है, उसे सुख शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। लोगों के मुताबिक इस परंपरा को निभाने और प्रतियोगिता में शामिल होने को लेकर लोगों में उत्सुकता नजर आती है।

नये दामाद होते है सम्मानित : प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी ढेला मार होली को और बेहतर तरीके से मनाने के लिए बरही चटकपुर गांव के युवाओं में जोश है। इसमें नए दामादों का ढोल-नगाड़ों के साथ अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाता है।

ज्ञान की बात

ईश्वर की आवश्यकता केवल उन्हें ही है, जो उसके अभाव में सुखी नहीं है। यदि कोई व्यक्ति संसार में रह कर, संसार को पाकर, संसार में लिप्त होकर सुखी है तो उसे सचमुच ईश्वर की आवश्यकता नहीं है। ईश्वर की आवश्यकता तो उसी व्यक्ति को है, जो सारा संसार पाकर सुखी नहीं है। - *ठाकुरजी*

होली की शुभकामना

होली का त्यौहार वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है। क्योंकि उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। इस दिन से जगह- जगह पर परंपरानुसार फाग और धमार के गीत गाना प्रारंभ हो जाते हैं। आठ मार्च को होली का त्यौहार है। ऐसे में इस दिन खुशी के माहौल में कुछ सावधानियों को बरतना जरूरी है। ऐसा देखा जाता है कि इस दिन को लोग अपना होश और हवास खो देते हैं। उत्साही युवक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है। दूसरी तरफ देखा जाये तो ऐसे मौके पर शराब का सेवन अधिक किया जाता है। यह बिल्कुल सही नहीं है। इसे स्टेटस सिंबल के रूप में कभी नहीं लेना चाहिए। ऐसा देखा जाता है कि कुछ लोग होली में इसे लेकर यह कहते देखे और सुने जाते हैं कि बुरा न मानों होली है। ऐसे तत्वों को समाज के बड़े लोगों को आगे आकर रोकना चाहिए। दूसरी तरफ होली को लेकर बड़ी संख्या में लोग अपने -अपने घरों के लिए रवाना होते हैं। इस कारण भीड़ अधिक होती है। इस स्थिति में हमारी छोटी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इस स्थिति से बचाने में पुलिस की भूमिका काफी बढ़ जाती है। साथ ही बसों और रेलगाड़ियों में भी सावधानी बरतने की जरूरत है। कारण इन मौकों का लाभ असामाजिक तत्व उठाने को बेताब रहते हैं। दूसरी तरफ खाने और पीने के सामानों में मिलावट बढ़ जाती हैं। ऐसे में खाने के सामानों की जांच जरूरी है।

घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है। दूसरी तरफ देखा जाये तो ऐसे मौके पर शराब का सेवन अधिक किया जाता है। यह बिल्कुल सही नहीं है।

मिलावटी सामानों की आपूर्ति करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। किसी को भी हानिकारक खाद्य पदार्थों को बेचने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे में खुशी के इस त्योहार को मनाने के लिए इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बहरहाल फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाये जाने वाले फाल्गुनी, वसंत के इस संदेशवाहक को बार-बार नमन। लेकिन कुछ शर्तो के साथ कि सबकी मनोकामना एक दिन पूर्व होलिका दहन के दिन पूरी हो। जिस तरह होलिका जलकर हो गई थी राख,उसी तरह सबके जीवन में मिट जाये सारे कष्ट। हम सब जानते हैं कि वसंतोत्सव और हर्ष उल्लास और रंगोत्सव होने के कारण काम-महोत्सव भी कहलाता है। इस लोकप्रिय पर्व में राग अर्थात संगीत और रंग तो इसके प्रमुख अंग हैं ही पर इनको उत्कर्ष तक पहुँचाने वाली प्रकृति भी इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। खेतों में गेहूँ की बालियाँ इठलाने लगती हैं। बच्चे-बूढ़े सभी व्यक्ति सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। चारों तरफ रंगों की फुहार फूट पड़ती है। ऐसे में होलिका दहन और होली की शुभकामना।

अमृत-काल नारी जीवन का अमृत पृष्ठ बने

ललित गर्ग

परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। नारी जीवन में प्रतिबिम्बित असीम करुणा और मर्मान्तक पीड़ा को भावप्रवण अभिव्यक्ति देना मेरा काम नहीं है। पर आज भी कुछ समाजों में उसकी जो स्थिति है, वह दयनीय और विचारणीय है। सब महिलाएं स्वयं इस स्थिति का अनुभव करती हैं या नहीं, मैं नहीं जानता। किन्तु कोई भी प्रबुद्ध महिला अपनी जाति की दासता और हीनतामूलक वृत्तियों से खुश नहीं हो सकती। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। शरीर में जब तक रोग के कीटाणुओं को प्रतिहत करने की क्षमता रहती है, वह रोगाक्रांत नहीं होता। किन्तु प्रतिरोधात्मक शक्ति के क्षीण होते ही चारों ओर से बीमारियों का आक्रमण होता है जो शरीर को निस्तेज ही नहीं, खोखला बना देता है। इसलिए महिला समाज को अपनी प्रतिरोधात्मक शक्ति को विकसित कर जागृत जीवन जीने का अभ्यास करना है। उसे अपनी परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साये में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सोने, चांदी, हीरे, मोती आदि से निर्मित आभूषण उसके सहज सौंदर्य को आवरित ही कर सकते हैं, निखार नहीं दे सकते। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था- 'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है? स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है।

महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा?

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान शनिदेव की कथा

इसके बाद सब कुछ सामान्य ही चलता रहा। राजा विक्रमादित्य पहले की तरह ही न्याय करते रहे। दिन ऐसे ही बीतते रहे लेकिन शनि देव अपना अपमान नहीं भूले। एक दिन राजा की परीक्षा लेने शनिदेव घोड़े के व्यापारी के रूप में राज्य पहुंचे। जब राजा विक्रमादित्य को इस बात का पता चला तो उन्होंने अपने अश्वपाल को कुछ घोड़े खरीदने के लिए भेजा। अश्वपाल लौट आया और राजा को बताया कि धोड़े बेहद ही कीमती हैं। राजा ने खुद जाकर एक सुंदर और शक्तिशाली घोड़ा पसंद किया और उसकी चाल देखने के लिए घोड़े पर सवार हो गये। जैसे ही राजा विक्रमादित्य घोड़े पर बैठे वैसे ही घोड़ा बिजली की रफ्तार से दौड़ पड़ा। घोड़ा राजा को एक जंगल ले गया और वहां जाकर राजा को नीचे गिरा दिया और फिर कहीं गायब हो गया। राज्य का रास्ता ढूंढने के लिए राजा जंगल में भटकने लगा। लेकिन उसे कोई रास्ता नहीं मिला। कुछ समय बाद उसे एक चरवाहा मिला। भूख-प्यास से परेशान उस राजा ने चरवाहे से पानी मांगा। चरवाहे ने उसे पानी दिया और राजा ने उसे अपनी एक अंगूठी दे दी। रास्ता पूछकर राजा जंगल से निकल गया और पास में ही मौजूद एक नगर में पहुंच गया।एक सेठ की दुकान पर राजा ने कुछ आराम के लिए रुका। वहां, सेठ से बातचीत करते हुए उसने बताया कि वो उज्जयिनी नगरी से आया है। राजा कुछ देर तक उस दुकान पर बैठा। जितनी देर वो वहां बैठा सेठजी की काफी बिक्री हो गई।सेठ ने राजा को बहुत भाग्यवान समझा। सेठ ने राजा को अपने घर खाने पर आमंत्रित किया।

(क्रमशः)

आओ थोड़ा सा तुम फागुन हो जाओ

प्रभुनाथ शुक्ल

खेतों में फसलों की रंगत बदल गई है। सरसों के पीले फूल खत्म हो गये हैं। सरसों फलियों से गदाराई है। मटर और जौ की बालियां सुनहरी पड़ने लगी हैं। जवान ठंड अब बूढ़ी हो गई है। हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूंदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता-आहिस्ता कदम बढ़ा दिया है। टेशू, गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रही है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका एहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है। वह उसे भी जीतना चाहता है। खुद नियंता बनाना चाहता है। शायद यहीं उसकी भूल है। फागुन में भौजाई की ठिठोली और मसखरी जाने कहां खो गई। फागुन के गीतों पर ढोल-मंजीरे की थाप सुनाई नहीं देती है। पूर्वांचल में फागुन के गीत फगुवा को गाने वाले लोग गायब हैं। अश्लील और गंदे भोजपुरिया गीतों का राज है। फाग गीत प्रकृति से जुड़े होते थे। लेकिन आजकल के गानों में सिर्फ अश्लीलता है। सभ्य समाज में ऐसे गीत सुनने लायक भी नहीं है। समय के साथ सब कुछ बदल रहा है। यह बदलाव तथ्य और अर्थहीन है। फागुन प्रकृति का रंगोत्सव है। फागुन में प्रकृति बदल जाती है। वह मलंग हो जाती है। उसमें अजीब मादकता आ जाती है। फागुन और वसंत के जरिये प्रकृति हमें संदेश देती है कि जिस प्रकार मैं विविधताओं से भरी हूं उसी तरह मानव जीवन में भी रंगों की विविधतायें हैं। सुख-दुःख, हर्ष, विषाद, उल्लास, उत्सव भी जीवन के अपने रंग हैं। इसको खुल कर जीना चाहिए। फागुन जैसा जीना चाहिए। प्रकृति हमें संतुलन ही नहीं संतुष्टि भी सिखाती है। अफसोस हम उसके संदेश को पढ़ नहीं पाते हैं। जब पढ़ने की कोशिश करते हैं तो फागुन यानी वसंत गुजर गया होता है और हम पतझड़ को लेकर फिर परेशान हो जाते हैं। ऐसा इसलिए कि हम सिर्फ वसंत को जीना चाहते हैं। पतझड़ को नहीं। माघ-फागुन के मौसम में चरखी से निकले गन्ना के रस में दही मिला सीखरन तैयार होता था। फिर मटर की सलोनी के साथ उसे पीने का आनंद और स्वाद ही अलग था। अब गांवों से गन्ने की खेती गायब हो चली है। कड़ाहे गुड़ और खांड की सोंधी गंध नाक को तृप्त नहीं करती। वह वक्त भी था जब पकती खांड में हम आलू डालने जाते तो दादा की खूब डांट मिलती। लेकिन सब कुछ बदल गया है। अब गांव कंकरीट के जंगल में तब्दील हो चुके हैं। धनाढ्यों ने कई मंजिला इमारतें खड़ी कर शहरी अभिजात्य संस्कृति का आगाज किया है। घरों में टिमटिमाती ढेबरी की जगह एलईडी और इनवर्टर के प्रकाश ने ले लिया है। कभी-कभी मिट्टी का तेल यानी केरोसिन न मिलने से दादी और अम्मा कडुवा तेल का दीपक जलाती थीं। अब यह बातें कहानियां हो गई हैं। प्रकृति में अल्हड़ फागुन जीवंत है लेकिन बदली परम्पराओं और हमारी सोच में वह बूढ़ा हो चला है। फागुन में रास है न रंग। बस होली के नाम पर औपचारिकता है। अब गालों पर गुलाल मलने की सिर्फ रस्म निभाई जाती है जबकि दिल नई मिलते। गांवों में फागुन वाली भौजाई गायब है। जब कच्चे मकान होते थे तो भौजाई और घर की औरतें माटी-गोबर लगाती थीं। पूर्वांचल में गांव की भाषा में इसे गोबरी कहते हैं। गोबरी लगाते वक्त अगर कोई देवर उधर से गुजरता था तो भौजाई दौड़ा कर मुंह और कपड़े में गोबरी लगा फागुन और होली के हुडदंग का आगाज करती थीं। देवर भी भौजाई को छेड़ने के मौके तलाशते थे। टोलियों के साथ होली मनती थी। वक्त के साथ गांव की होली भी पूरी तरह बदल गई है। होली में आजकल हुड़दंग गायब है। होली के उस हुड़दंग में एक उल्लास और अपनापन था लेकिन सब कुछ सिमटता जा रहा है। अब तो रंग उत्सव का त्योहार होली दिखावटी और बनावटी हो गया है। वसंत लगते ही रंगत बदल जाती थी। फागुन में होने वाली शादी में दूल्हा और बाराती रंगो में नहा उठते थे। होली के दिन गुड़ में भांग मिलाकर महजूम बनाये जाते थे। भांग मिश्रित ठंढई बनती थी। बचपन में हम लोग उसे पीकर होली के हुडदंग में शामिल हो जाते। यह सब वसंत लगते ही शुरू हो जाता था। लेकिन अब न वह देवर हैं न भौजाई। वसंत पंचमी के दिन से होलिका संग्रह होने लगता। बचपन में युवाओं में होलिका को लेकर खास उत्साह होता। जिस दिन होलिका दहन होता उस दिन दादी उबटन और तेल की मालिश कर उसकी लिझी यानी मैल होलिका में डलवाती थी। लेकिन अब इस तरह के रिवाज गायब हैं।

भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका एहसास फागुन के होने की दस्तक देता है।

राजनीति

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

फेसबुक वॉल से

कैसे मिली होली को अखिल भारतीय पहचान

आर.के.सिन्हा

कोरोना के कारण दो-तीन सालों तक जनधड़कन के पर्व होली का रंग फीका सा पड़ने लगा था। होली मिलन समारोहों पर भी विराम सा लग गया था। पर इस बार लगता है कि देश रंगोत्सव को पुराने अंदाज में मनाने जा रहा है। होली के रंग फिजाओं में बिखरे हैं। कहीं गुलाल और गुजिया की खुशबू को तो कहीं दही बड़ा और मालपुआ के अनोखे स्वाद को हर तरफ महसूस किया जा रहा है। होली मिलन समारोहों की भी वापसी हो चुकी है। इनके आयोजन लखनऊ से रायपुर, मुम्बई तथा पटना से दिल्ली वगैरह में सभी जगह हो रहे हैं। सब एक-दूसरे से गले मिल रहे हैं। गिले-शिकवे भुलाये जा रहे हैं। यही मौका है कि जब विभिन्न दलों के तमाम राजनीतिक नेता भी अपने मतभेद भुलाकर एक साथ होली खेलें और राष्ट्र निर्माण में लग जायें। आखिर यह देश तो सबका है। राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी भी सबकी ही है। एक दौर था जब होली पर अटल बिहारी वाजपेयी के आवास पर भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित होता था। उसमें तमाम राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता, लेखक, पत्रकार, कवि आदि भाग लेते थे। पूर्व प्रधानमंत्री खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर सुस्वादु गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। पूर्व प्रधानमंत्री के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके आत्मीय सहयोगी शिव कुमार किया करते थे। वे अटल बिहारी बाजपेयी के घर के स्थायी चेहरा थे। वे उनके के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास और अंत में 6-ए कृष्ण मेन मार्ग के घरों में सुबह से देर शाम या रात तक रहा करते थे। अटल जी राजधानी के इन सब घरों में लगभग छह दशकों तक रहे थे। अटल जी के घरों में होने वाले कवि सम्मेलनों और होली मिलन के आयोजन में शामिल होने के लिए आने वाले अतिथियों के लिए शिव कुमार पारीख चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य मंगवाते। पूर्व प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व भी तो बेहद उदार और विराट था। वे सर्वप्रिय थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। आडवाणी जी के घर भी होली का रंग शालीनता के दायरे में ही रहता है। लाल कृष्ण आडवाणी जब राजधानी के पंडारा पार्क में रहते थे तब वहां पर भी होली कायदे से मनाई जाती थी। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। इंदिरा गांधी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। पर 1980 के बाद इंदिरा गांधी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गये थे सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी जड़ें जमा ली थीं। इंदिरा जी के होली मिलन की व्यवस्था उनके सचिव आर.के.धवन देखते थे। धवन साहब से पहले इंदिरा गांधी और उससे भी पहले उनके पिता नेहरू के तीन मूर्ति आवास पर होली मिलन हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन की देखरेख में होते थे। राजधानी में लालू यादव तथा राम विलास पासवान के होली मिलन को लेकर भी बहुत उत्साह का वातावरण बन जाया करता था। अब राजनीतिक नेताओं के होली मिलन समारोहों की सिर्फ यादें ही शेष हैं। उन्हें फिर से आयोजित किया जाना चाहिए। होली अपने आप में एक असाधारण पर्व है। यह जाति, धर्म, संप्रदाय की दीवारों को ध्वस्त करता है। इसके मूल में समतावादी समाज की परिकल्पना है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनाई थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे। उन्हें शुभकामनाएं दी और उनसे शुभकामनाएं ली। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भी होली पर राष्ट्रपति भवन के स्टाफ के साथ होली खेलते थे और उन्हें अपने वेतन के पैसे से ही उपहार दिया करते थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसे नेता बार-बार नहीं जन्म लेते। उन्होंने 11 मई 1950 को सोमनाथ मंदिर में तमाम विरोधों के बावजूद शिवलिंग की मंदिर परिसर में स्थापना की थी। उनके तब सोमनाथ मंदिर में जाने का प्रधानमंत्री नेहरू ने भी घोर विरोध किया था। जो लोग राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर में जाने को बार-बार मुद्दा बनाते हैं, उन्हें पता होना चाहिए उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों का ही निर्माण हुआ था।

एक दौर था जब होली पर अटल बिहारी वाजपेयी के आवास पर भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित होता था। उसमें तमाम राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता, लेखक, पत्रकार, कवि आदि भाग लेते थे।

दुनियादारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

वनकर्मी पर ग्रामीणों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

बानो। वन क्षेत्र पदाधिकारी को गेनमेर मुखिया द्वारा ज्ञापन देकर वन विभाग के नाम में अवैध वसूली कर रहे बालेश्वर तिवारी पर कार्रवाई की अपील की। 200 लोगों से ज्यादा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देते हुए मुखिया ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूखा लकड़ी जलावन के लिए ले जाने पर वसूली मांगने की बात कही। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में वाचिंग के लिए उन्हें रखा गया था। वहीं इस मामले पर रेंज पदाधिकारी अभय कुमार ने कहा कि उनके शिकायत पर जांच कर वाचिंग करने वाले बालेश्वर तिवारी को हटाया जाएगा।

जूनियर कैंब्रिज स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

सिमडेगा। विद्या वनस्थली शिक्षा समिति सिमडेगा द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों को विद्यालय की प्राचार्य प्रभा लेतारे केरकेट्टा ने अपने हाथों से सभी बच्चों को गुलाल लगाकर और आशीर्वाद देते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने होली के नागपुरी गीत और होली खेले रघुविरा गीत पर जमकर नृत्य किया और आपस में गुलाल लगाकर अपने दोस्तों और शिक्षकों को होली की बधाई दी। बच्चों को होली के इस पावन पर्व के अवसर पर जलेबी खिला कर विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों के मुंह मीठा कराया और अगले 2 दिन की विद्यालय में अवकाश की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित

लोहरदगा। कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में रंगों का पर्व होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस मीडिया के साथी गण भी उपस्थित हुए। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दिए. पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि यह रंगों का त्योहार देश के विभिन्न समुदाय और संस्कृति के बीच एकता का प्रतीक है जो हमें आपस में मिल जुल कर प्रेम के साथ जीने का सीख देता है। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है जो हमें आपसी प्रेम और सद्भाव की सीख देता है सभी के जीवन सुख और खुशहाली आए ऐसी मेरी कामना है। समाज के सभी समुदाय परंपरागत तरीके से इस त्यौहार को मनाएं। इस होली मिलन समारोह में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

सेन्हा : अलग-अलग सड़क दुर्घटना में वृद्ध सहित दो घायल

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

सेन्हा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों में कंडरा एवं राजू मिल के समीप सेन्हा में सड़क दुर्घटना में वृद्ध सहित दो व्यक्ति घायल हो गये। दोनो घायलों को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। बताया जाता है, कि कंडरा में सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात गाड़ी वृद्ध को धक्का मारते हुए फरार हो गया। जबकि दूसरा घटना सेन्हा राजू मिल के समीप बाइक जे एच 01सीसी 1734 के चालक अनियंत्रित सड़क पर गिर गया, जिससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को एंबुलेंस 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि सेन्हा में हुई सड़क दुर्घटना में घायल बाइक चालक को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनो घायल की पहचान अलग अलग थाना क्षेत्र निवासी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि घायल वृद्ध सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी वासुदेव उराँव के रूप में किया गया। जो अपने घर से कंडरा गणपति ईंट भट्ठा में काम करने जा रहा था। की अज्ञात वाहन मार कर फरार हो गया। वही बाइक चालक की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के पुटो निवासी शंकर गोप के पुत्र पंकज गोप के रूप में किया गया। बताया जाता है कि पंकज गोप लोहरदगा बाबा मठ के समीप गैरेज से काम कर घर लौट रहा था। इसी बीच सेन्हा में अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गया जिसमें चालक को नाक मुंह एवं चेहरे पर गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर स0आ0नि0 श्रीकांत दास दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायलों का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को थाना लाया। अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

बानो के मदरसा जामिया काशिफूल उलूम में हुआ जलसा दस्तारबंदी

जलसा में पांच बच्चों की हुई पगड़ी पोशी

नवीन मेल संवाददाता। बानो

प्रखंड के मदरसा जामिया काशिफूल उलूम में जलसा दस्तारबंदी हुआ। जिसमें पांच बच्चों की पगड़ी पोसी हाफिज हितैतुल्लाह अंसारी आंबुआ, हाफिज खुर्शीद बुड मुंडो, हाफिज अब्दुल हक कोटाम, हाफिज अजम तुल्ला रामगढ़, हाफिज दाऊद इब्राहिम मेहमानों खुसूसी के तौर पर दारुल उलूम देवबंद के महदिस व बुकी मुफ्ती फरीदुद्दीन साहब कासमी रांची के हाजी शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती अनवर साहब मदरसा के सरपरस्त हजरत मौलाना इकरामुल हक साहब एनी साहब मदरसा के सदर ए सुरा हजरत मौलाना मुफ्ती सलमान साहब कासमी हजरत कारी शोएब साहब हजरत मौलाना मुकद्दर साहब और इतराके ऑल माय हजरत स्टेज की शोभा बने एवं जलसा के नाजिम रहे। मौलाना फिरोज साहब जलसा के निगरानी कर रहे हैं। मौलाना इकरामुल हक साहब जलसा की आगाज कारी मुकद्दबीर साहब ने तिलावत कुरान से किया और कारी निसार दानिश साहब ने महफिल को समा बांधा। वहीं मुफ्ती अनवर साहब ने कहा हम अल्लाह के बंदे हैं। अल्लाह के बंदे के साथ नाहक तल्फी नहीं करना चाहिए। जिनका जो हक है उसे पूरा पूरा अदा करना चाहिए। अपने पड़ोसी मां-बाप रिश्तेदार दोस्त और गांव वाले के साथ चाहे मुस्लिम हो या गैर मुस्लिम अच्छा अच्छा स्वभाव रखना चाहिए। हजरत मुफ्ती फरीदुद्दीन कासमी ने कहा अल्लाह के रसूल मोहम्मद सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम से पूछा गया कि आदमी जहन्नम में कैसे कैसे बचेगा तो फरमाया दिया के जबान को काबू में रख। इसलिए की जबान से सारे फितने फसाद झूठ चुगली और लड़ाई झगड़े होते हैं और क्या फरमाया कि जमाने में बिहाई बेशर्मी खेल जाए और बुराई आम हो जाए और हर तरफ गुना ही गुना हो तो आदमी को चाहिए कि अपने घर में बंद हो जाए और फरमाया कि अगर इंसान से गलती हो जाए तो सरमैंदगी के साथ अपने परवरदिगार से माफी मांग ले और आगे ना करने का पक्का पक्का हो ले यह सब नसीहत दिए। अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब मोहम्मद फैज साहब और सेक्रेटरी जनाब मोहम्मद रफीक साहब और अंजुमन इस्लामिया के सभी मेंबर नौजवान कमेटी के जनाब मोहम्मद इजहार साहब, मोहम्मद रोशन, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद मनीर खान मौलाना मोहम्मद रहमत उल्लाह साहब समीउल्लाह आरिफ अंसारी, आशिक अंसारी शाहनवाज अंसारी, दानिश अंसारी, तौकीर मुदस्सीर सोहराब हाफिज साकीब साकिर शोएब तनवीर अकरम कमरुद्दीन अल्ताफ मोहम्मद तौसीफ मिन्नतुल्लाह और कमेटी के तमाम मेंबरान ने इस जलसे को कामयाब बनाने में कड़ी मेहनत की और आने वाले मेहमान का कम से कम 3 से 4 किलोमीटर दूर से पूरे गांव वाले ने एवं जवान से मिलकर जोरों खरोश के के साथ इस्तकबाल किया। मदरसे के मोहतमिम हजरत कारी मुतुर्जा साहब और जमा मस्जिद के इमाम मौलाना अजर हैदर साहब अंजुमन इस्लामिया बानो के तमाम मेंबर एवं मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

महिलाओं को समान अधिकार देना प्रशासन का लक्ष्य : डीडीसी

सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी को प्रेरित करें : डीडीसी

शिक्षा के बिना जीवन अधूरा, शिक्षित बने स्वावलंबी बने : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

नगर भवन में समाज कल्याण विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि आज नौकरी, वोट, काम के लिए हमारे पूर्वजों ने कई आंदोलन किये। आज हम यहां खड़े हैं तो बस इसी वजह से कि उन्होंने हमारे हक के लिए लड़ाईयां लड़ीं। आज 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हम विशेष रूप में याद करते हैं क्योंकि यह दिन महिलाओं के लिए खास है। बेहतर के लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी को प्रेरित करें। सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई प्रयास किये हैं। महिलाओं को कई जगहों पर आरक्षण प्राप्त है। कानूनी रूप से कई अधिकार महिलाओं को दिये गये हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार ही लक्ष्य है। आप आर्थिक रूप से भी खुद को सक्षम बनायें। जो भी नौकरी या व्यवसाय करें, उस कमाई का एक हिस्सा बच्चों की पढ़ाई के लिए रखें ताकि उन्हें भी समान अधिकार प्राप्त हो सकें क्योंकि शिक्षा से सब कुछ संभव है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सभी महिला जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, सभी महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका समेत अन्य उपस्थित थे।

महिलाएं पुरूष के बराबर नहीं बल्कि पुरूषों से भी आगे हैं : डीएफओ

कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि महिलाएं पुरूष के बराबर नहीं बल्कि पुरूषों से भी आगे हैं। कानून ने भी महिलाओं को कई अधिकार दिये हैं जिससे वे खुद को कमजोर ना आंके, बल्कि उन अधिकारों की मदद से खुद को स्थापित कर सकें। आज महिलाओं सभी क्षेत्र में खुद को साबित कर रही हैं। आज सेना, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, वैधानिक कोई भी क्षेत्र होंगे महिलाओं ने वहां बेहतर उपस्थिति दर्ज करायी है।

वर्तमान में पुरूष और महिला एक समान : एसडीओ

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि पुरूष और नारी आज सभी जगह समान हैं। हिंदू धर्म व कई जनजातीय समाज में देवी की पूजा की जाती है जो सर्वोच्च नारी शक्ति का द्योतक है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से 08 मार्च की तिथि को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में घोषित किया गया। हमें इस तिथि को हर्षोल्लास मनाना चाहिए।

महिलाओं के लिए कई विधिक सेवाएं निःशुल्क दी जाती हैं : राजेश कुमार

डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि अब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नहीं बल्कि सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। डालसा द्वारा महिलाओं के लिए कई विधिक सेवाएं निःशुल्क दी जाती हैं। कानून महिलाओं को समानता का अधिकार देता है। लेकिन समाज में आज भी भ्रमण हत्या, बाल विवाह जैसी कुरीतियां व्याप्त हैं। देश दहेज प्रथा को रोकने के लिए कानून है, सेना में महिलाएं बहाल हो रही हैं, उत्तराधिकार का अधिकार दिया गया है, मातृत्व लाभ का अधिकार दिया जा रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए महिलाएं टॉल फ्री नंबर 181 पर डायल कर अपनी समस्या रख सकती हैं। विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। आज झारखंड राज्य में 11 विधायक महिलाएं हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है कि महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में अपना परचम लहरा रही हैं।

सिमडेगा सेंट मेरीज इंटर कॉलेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

सेंट मेरीज इंटर कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं के संघर्ष, योगदान को याद करने एवं सम्मान देने तथा स्त्री संघर्षो को आगे बढ़ाने को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हरेक वर्ष का एक विशेष थीम दिया जाता है जो इस वर्ष 'समानता को अंगीकार' विषय पर ध्यान केंद्रित को लेकर है ताकि हम स्त्री-पुरुष के समानता पर आधारित समतामूलक समाज का निर्माण के लिए चर्चा कर सकें। छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला अधिकार कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि पितृसत्तात्मक देश और समाज के बीच में महिला समानता एक वृहत और गंभीर मुद्दा है जो इस वर्ष का थीम है। उन्होंने कहा कि महिलाएं क्या सोचती हैं, क्या महसूस करती हैं और क्या चाहती हैं इसपर स्वयं स्पष्ट रुख, जानकारी और जागरुकता ही महिलाओं और लड़कियों को आगे बढ़ने में मददगार हो सकता है। चूंकि संविधान ने कानूनों ने सरकार ने और प्रशासन सबने मौखिक बराबरी महिलाओं को दे रखा है पर व्यवस्थाओं, सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक ढांचा के भीतर जो कुछ महिलाओं को बराबर नहीं मानता उन विचारधाराओं और कुरीतियों से सब महिलाओं को लडना जरुरी और हक लेने के लिए शिक्षा और एकजुटता जरुरी है। हिन्दु, मुस्लिम, ईसाई, सिख, नौकरीपेशा, मजदूर, अमीर, गरीब जैसे हरेक वर्गो की महिलाओं को एक होना आज की मांग है ताकि महिला हितों पर बात हो सके। कई नियम कानून पर उसका इस्तेमाल और उपयोग सीखना महिलाओं को सशक्त करेगा । नेतृत्व के लिए आगे आना और समाज में निहित कुरीतियों के लिए तैयार होना, साथ देना जैसे पहल ही सशक्त महिला समानता वाला समाज रचने में सहयोगी हो सकेंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक फा. फ्रेडरिक ने भी शिक्षा और जागरुकता के लिए जिज्ञासु बनने का संदेश छात्राओं को दिया। इस अवसर पर अगुस्टीना ने स्कूल लाईब्रेरी के लिए संविधान की परिचय पुस्तिका भेंट किया एवं महिला शिक्षकों को भी संविधान की पुस्तिका भेंट कर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर मेरी भैलेट बाः, पूजा प्रसाद, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

कांग्रेस पार्टी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

कोलेबिरा। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोलेबिरा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग के अगुवाई में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय कृत बैंक के समीप किया गया। धरना प्रदर्शन में शामिल कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा आज एलआईसी और एसबीआई में लोगों का जमा किया गया। पैसा सुरक्षित नहीं है, क्योंकि इनका पैसा अडानी समूह लेकर शेयर में हेराफेरी कर डुबाने वाली है। अभी यह स्थिति है कि जनता का जमा किया हुआ पैसा वापस होने का गारांटी नहीं है। पैसा डूबने की स्थिति में है।

भंडार टोली के पास सड़क हादसे में 3 लोग घायल

केरसई। केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार टोली के समीप सोमवार की सुबह एक मोटरसाइकिल सवार के द्वारा सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टक्कर मारते हुए खुद एवं उसके साथी घायल हो गए। बताया गया सुबह 8 बजे जब केरसई की सभी सड़के लगभग व्यस्त रहती है। कामकाजी व्यक्ति एवं छात्र-छात्राएं मुख्य मार्ग से स्कूल जाते हैं उस दौरान तेज रफ़्तार बाइक केरसई से किनकेल की ओर जा रही जो एक दिहाड़ी मजदूर को टक्कर मारते हुए 200 मीटर दूर एक घर मे जा टकराया जिससे युवक सहित उसके साथ बैठे व्यक्ति घायल हो गए। साथ ही टक्कर लगने से व्यक्ति भी घायल हो गया। चालक की पहचान किनकेल मकर बुढ़ निवासी ननकू गंझू अपने दो साथियों के साथ टेंसर मचिया घाट से वापस घर मकर बुढ़ लौट रहा था, इसी क्रम में केरसई भंडार टोली चौक पर मजदूरी करने जा रहे मजदूर सुरेन्द लोहरा को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज सुन कर तुरंत लोगो की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही केरसई थाना प्रभारी राजीव कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल ननकू एवं उनके साथियों को पुलिस वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। इधर घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल सिमडेगा गया जहां पर इलाज चल रही है फिलहाल खतरे से बाहर बताया गया।

श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास का होली मिलन समारोह

लोहरदगा। श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास द्वारा होली के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के विषय में कृपा शंकर सिंह ने कहा कि इस पवित्र होली मैं प्लास्टिक एवं नशीली पदार्थ को त्यागने की बात कही। हमारे रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक अत्यंत हानिकारक कोई भी वस्तु यदि प्लास्टिक में लाते हैं उसका बहुत ही बुरा असर पड़ता है। पृथ्वी के लिए भी वह अत्यंत हानिकारक इसलिए अपने दैनिक जीवन में उसका उपयोग नहीं करना चाहिए। होली में हम सभी कोई भी नशीली पदार्थ का व्यवहार नहीं करें। हम पूरे पवित्रता के साथ हर्षोल्लास के साथ आपसी ईर्ष्या द्वेष मिटाकर प्रकृति के इन रंगों में रंग जाय। सचिदानंद लाल अग्रवाल ने भी नशीली पदार्थ तथा केमिकल युक्त चीजो से सतकर्ता बरतने को कहा। गोष्ठी के पशचात होली के पारंपरिक गीतों के साथ एक दूसरों को गुलाल लगाया गया और खुशी खुशी आपस मे एक दूसरों को बधाई भी दिये।

ढेला मार होली और नया दामाद सम्मान समारोह को लेकर हुई बैठक

सेन्हा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत स्थित बरही ग्राम में ढेला मार होली मनाने को लेकर ग्रामीणों ने होली कमिटी अध्यक्ष महावीर प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक के दौरान ठेला मार होली मनाने एवं नया दामाद सम्मान समारोह का आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि रंगों का त्यौहार सभी क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही में रंगों के त्यौहार के साथ ऐसा भी होली खेला जाता है जो जिला के लिए ही नही बल्कि पूरे राज्य में यह अनोखा होली होता है। जो ठेला मार होली के नाम से जाना जाता है। वास्तविक में यह होली एक अनोखा होली है। बताया जाता है कि देवी मंडप के समीप होलिका दहन परंपरा के अनुसार किया जाता है। दूसरे दिन उस स्थल से खंभा उखाड़ने का परंपरा है जो गांव के लोगो के द्वारा निभाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान दर्शकों द्वारा उन लोगों पर ठेला मारा जाता है। इस प्रकार की होली में ढेला तो लोगो के ऊपर लगता है। परंतु कोई हताहत नही होता है। इस प्रकार बरही में होली खेलने का परंपरा सदियों पुराना है। जो पत्येक वर्ष खेला जाता है। जिसको लेकर बैठक में चर्चा करते हुए सर्वसमति से मंगलवार को ढेला मार होली मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान शंकर कुमार ठाकुर, सुनील ठाकुर, मुकेश कुमार महतो,अमर कुमार महतो सहित गांव के गणमान्य ग्रामीण शामिल थे।

कार्यक्रम | एमएल अग्रवाल एसवीएम प्लस टू विद्यालय में स्नेह सह होली मिलन समारोह आयोजित

पुस्तक के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी : प्रो शशि

महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय की सभी महिला आचार्य की गई सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में सोमवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई के पारंपरिक कार्यक्रम स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही होलिकोत्सव और महिला दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि बी एस कॉलेज के रसायन विभागाध्यक्ष और विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का आयोजन तरुण एवं कन्या भारती के मंच से कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने किया। जिसमें कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत और विदाई गीत के साथ पारंपरिक गीत एवं नृत्य तथा होली उत्सव को समर्पित गीत एवं नृत्य ने सबका मन मोहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में मुख्य रूप से रोशनी कुमारी, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी, पायल वर्मा, अवंतिका कुमारी पुजारी, शशि कश्यप, आकर्षी कुमारी, सृष्टि श्रेया बागे, प्रियंका कुमारी, बबली कुमारी, नेहा कुमारी, अल्फा कुजूर, कोमल कुमारी, मधु श्वेता कुजुर, प्रिया कुजूर एवं निशा कुजुर आदि शामिल थी। कक्षा बारहवीं से सुमित उराव और निकिता कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए। जबकि कक्षा ग्यारहवीं से बहन रोशनी उरांव ने अपना अनुभव रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है और इस दृष्टि से विद्या भारती का यह विद्यालय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सफल भूमिका निभा रहा है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण और उसके प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भी बीते संस्मरण को याद करते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। इसके पूर्व महिला आचार्य ऋद्धि मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। सभी अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महिला आचार्य रेणु कुमारी ने किया। इस अवसर पर सचिव अजय प्रसाद, सदस्य शोभा देवी सहित अभिभावक, शिक्षक वो छात्र छात्राएं उपस्थित थी। अंत में सभी ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

सुमित उरांव सर्वश्रेष्ठ छात्र और निकिता कुमारी सर्वश्रेष्ठ छात्रा

कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार सुमित उरांव तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार निकिता कुमारी को दिया गया। दोनों के माता-पिता को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार ऋषि कश्यप सदन को दिया गया। इसके अलावा साहस सम्मान सतीश टोप्पो, सांस्कृतिक पुरस्कार अर्शिता कुमारी, अनुशासन का पुरस्कार चंद्रमणि कुमारी को दिया गया।

पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता

कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें बालक समूह से अंकित लकड़ा एवं आयुष राज तथा बालिका समूह से प्रेरणा आइंद एवं लवलीन कच्छप को श्रेष्ठ घोषित करते हुए पुरस्कृत किया गया। शेष प्रतिभागियों को भी उपहार दिए गए।

महिला आचार्य हुई सम्मानित

कार्यक्रम में महिला दिवस की पूर्व संध्या को देखते हुए विद्यालय की सभी महिला आचार्य को सम्मानित किया गया। प्रबंध कारिणी समिति की ओर से सदस्य शोभा देवी ने सभी को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। सभी ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला शिक्षकों की टीम महाविद्यालय के चहुमुखी विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

NEWS इन ब्रीफ

बांग्लादेश के शेष दौरे से बाहर हुए इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक

ढाका। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक रविवार को जांघ में चोट के कारण बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। जैक अगले 48 घंटों में ठीक होने के लिए स्वदेश लौटेंगे। ईसीबी के एक प्रवक्ता ने कहाः ढाका में दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं जांघ में चोट लगने के कारण विल जैक बांग्लादेश के शेष दौरे से बाहर हो गए हैं। जैक ने श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपना वनडे डेब्यू किया और बुधवार को इंग्लैंड को कम स्कोर वाले मैच में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण योगदान दिया।

11 से उड़ीसा में अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता

नारनौल। अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) आगामी 11 से 19 मार्च तक विश्वनाथन शतरंज हॉल कैंपस भुवनेश्वर उड़ीसा में होगी। इस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा के अधिकारियों का चयन 9 मार्च को पानीपत में होगा। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी मदन पाल ने सोमवार को बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) के लिए हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन 9 मार्च को सुबह 10 बजे शिवाजी स्टेडियम पानीपत में किया जाएगा।

वुहान थ्री टाउन में शामिल हुए अब्दुल-अजीज याकूबु

बीजिंग। घाना के स्ट्राइकर अब्दुल-अजीज याकूबु वुहान थ्री टाउन्स में शामिल हो गए हैं। चीनी सुपर लीग (सीएसएल) खिताब धारकों ने यह घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वुहान पक्ष ने याकूबु के लोन फी के बारे में नहीं बताया, जो लगभग एक मिलियन यूरो होने का अनुमान है। याकूबु को पुर्तगाली शीर्ष पक्ष रियो एवे एफसी द्वारा वुहान क्लब के लिए लोन दिया गया था, जिसमें वह पुर्तगाली क्लब विजेला, एस्टोरिल प्रिया और विट. गुइमारेस के साथ शामिल हुए थे।

एलएलसी मास्टर्स का टाइटल प्रायोजक बना स्काईएक्सच.नेट

नई दिल्ली। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने इस साल के एलएलसी मास्टर्स के टाइटल प्रायोजक के रूप में स्काईएक्सच.नेट के साथ करार किया है। अब इस संस्करण के टूनामेंट को स्काईएक्सच.नेट एलएलसी मास्टर्स के नाम से जाना जाएगा। एलएलसी मास्टर्स 10 से 20 मार्च के बीच दोहा के एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

डब्ल्यूपीएल की शुरुआत शानदार रही : लैनिंग

आरसीबी के खिलाफ मिली जीत से उत्साहित नजर आई दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान

एजेंसी। मुंबई

मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में रविवार को आरसीबी के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत पर कप्तान मैग लैनिंग ने कहा : यह हमारे लिए एक शानदार शुरूआत थी। शेफाली के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा था। नॉरिस ने स्टंप्स पर गेंदबाजी की और बहुत प्रभावी थी। इस मैच में कप्तान मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा ने 162 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की और अपनी टीम को निर्धारित 20 ओवरों में 223 के विशाल स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। जवाब में तारा नॉरिस के 5 विकेट की बदौलत दिल्ली ने आरसीबी की टीम को 20 ओवरों में 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया।

मैच में 29 रन देकर 5 विकेट लेने वाली नॉरिस ने कहाः मेग और शेफाली ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। इससे निश्चित रूप से बोर्ड पर रन बनाने में मदद मिली। मैंने जितना हो सके स्टंप्स पर गेंदबाजी करने की कोशिश की। मैं काफी घबराई हुई थी। हम एक उच्च स्कोर वाली पिच पर खेल रहे थे। मैंने बस इसे यथासंभव सरल रखने की कोशिश की। दिल्ली कैपिटल्स अपने अगले मैच में मंगलवार को डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी, नवी मुंबई में यूपी वारियर्स से भिड़ेगी। उनकी अगली चुनौती के बारे में पूछे जाने पर कप्तान लैनिंग ने कहाः यह एक शानदार मैच होगा। सभी टीमों के पास अद्भुत खिलाड़ी हैं। हमारे अगले मैच से पहले हमारे पास ज्यादा समय नहीं है। लेकिन, यह बहुत अच्छा है कि खेल जल्दी-जल्दी शुरू हो रहे हैं, क्योंकि हम खेलना चाहते हैं।

एलिसा ने की ग्रेस हैरिस के पावर हिटिंग की सराहना

गुजरात जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन नाबाद अर्धशकीय पारी के लिए हरफनमौला ग्रेस हैरिस की जमकर की तारीफ

एजेंसी। मुंबई

यूपी वारियर्स की कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को गुजरात जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन नाबाद अर्धशकीय पारी के लिए हरफनमौला ग्रेस हैरिस की जमकर तारीफ की। हैरिस की पारी की बदौलत यूपी ने रोमांचक मुकाबले में गुजरात को तीन विकेट से हराया। कप्तान ने बड़े शॉट खेलने की ग्रेस की क्षमता की सराहना की और जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए टीम के निचले क्रम के योगदान को श्रेय देते हुए उनके पावर-हिटिंग की भी सराहना की।

उन्होंने कहाः पूरा श्रेय ग्रेस को और विशेष रूप से हमारे निचले क्रम को जाता है। ग्रेस इज ग्रेस। इसका वर्णन करने का यही एकमात्र तरीका है। उसके पास गेंद को हिट करने की क्षमता है जैसा उसने किया। किरण नवगिरे भी शानदार थीं। हमने शुरुआती विकेट खोए, तो किरण ने हमें उस झटके से उबारा। उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। हीली ने गुजरात जाइंट्स की पारी के दौरान बेहतरीन गेंदबाजी के लिए टीम के गेंदबाजों सोफी एक्लेस्टोन और दीप्ति शर्मा की भी सराहना की। किरण नवगिरे और ग्रेस हैरिस के अर्धशतकों की मदद से रविवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले मैच में यूपी वॉरियर्स ने गुजरात जायंट्स पर आखिरी ओवर में जीत दर्ज की।

ग्रेस ने अपना अर्धशतक सिर्फ 25 गेंदों में पूरा किया जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने छक्के के साथ मैच समाप्त किया। यूपी की टीम ने 19.5 ओवर में ग्रेस (नाबाद 59) और एक्लेस्टोन (नाबाद 22) के बेहतरीन पारी की बदौलत 7 विकेट पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। ग्रेस ने एक्लेस्टोन के साथ 25 गेंदों में 70 रनों की तेज साझेदारी की। इससे पहले, हरलीन देओल (46) की एक जोरदार पारी और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर (25) की अच्छी पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 169 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया।

यौन उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाएं सबूत : फोगाट

समिति के पास 9 मार्च तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का समय

भारतीय पहलवानों और कुश्ती महासंघ के बीच बढ़ती जा रही है लड़ाई

एजेंसी। कोलकाता

भारतीय पहलवानों और कुश्ती महासंघ के बीच लड़ाई और बढ़ती जा रही है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगट ने आरोप लगाया कि उन्हें और अन्य महिला पहलवानों को पहले से ही बहुत पीड़ित होने के बाद यौन उत्पीड़न का प्रमाण दिखाने के लिए कहा जा रहा है, जबकि सबूत उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाने चाहिए।

रेव्सपोर्ट्ज. ट्रेलब्लेजर्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव पर विनेश फोगट ने कहाः हमें यौन उत्पीड़न का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जा रहा है। क्या यह पर्याप्त नहीं है कि हम महिलाओं के रूप में पीड़ित होने के वर्षों के बाद बोल रहे हैं? क्या वे मुझसे उम्मीद करते हैं कि उत्पीड़न करने वाला हमें फिर से परेशान करे ताकि हम फिल्म बना सकें और सबूत प्रस्तुत कर सकें? सबूत हमसे नहीं बल्कि उनसे मांगा जाना चाहिए।

भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक का मानना है कि यह खत्म होने की लड़ाई है और उन्हें इसे हर कीमत पर जीतना होगा। साक्षी ने कहाः यह लड़ाई अंत तक सभी तरह से जाएगी और हमें इसे भारतीय खेल के लिए जीतना होगा। सरकार द्वारा गठित ओवरसाइट कमेटी इस मामले पर जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और फेडरेशन के खिलाफ विरोध करने वाले पहलवानों को विश्वास है कि निर्णय उनके पक्ष में आएगा।

केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने यौन दुराचार, उत्पीड़न/धमकी, वित्तीय अनियमितताओं और कुश्ती संघ के प्रशासनिक लैप्स के आरोपों की जांच करने के लिए गठित ओवरसाइट समिति के लिए प्रस्तुत रिपोर्ट की समय सीमा को दो सप्ताह तक बढ़ा दिया है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समिति के पास अब 9 मार्च तक का समय होगा। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय की मांग को लेकर ओवरसाइट समिति के सदस्यों द्वारा अनुरोध पत्र भेजे जाने के बाद सक्षम अधिकारियों ने विस्तार को मंजूरी दे दी। जांच के दौरान डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन सहित समिति के अन्य कामकाज पर भी विस्तार लागू होता है।

चौथे टेस्ट में भी टीम की कप्तानी करेंगे स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली। स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे, क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। स्मिथ ने कमिंस की अनुपस्थिति में इंदौर में टीम की कप्तानी की थी। दिल्ली टेस्ट के बाद कमिंस अपनी मां के साथ रहने के लिए स्वदेश लौट गए थे। अहमदाबाद टेस्ट के बाद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी, जिसमें कमिंस की भागीदारी पर निर्णय बाद में लिया जाएगा। स्मिथ ने पिछले हफ्ते इंदौर में नौ विकेट की जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। भारतीय टीम चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से आगे है। इंदौर में जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने जून में लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल के खिताबी मुकाबले के लिये योग्यता हासिल कर ली है, जबकि भारत को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए अहमदाबाद टेस्ट को जीतना जरूरी है।

वॉर्नर को ले लेना चाहिए था संन्यास : रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर इस साल की शुरुआत में सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने के बाद संन्यास ले सकते थे। वार्नर को चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के भारत के चल रहे दौरे से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि उन्हें कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर भी हो गया था। उन्होंने कहा, देखो, मैं कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में रेडियो पर था और मुझे लगा कि वॉर्नर के रिटायर होने का सबसे अच्छा समय था, अगर वह इसके बारे में सोच रहे थे, तो यहां ऑस्ट्रेलिया में सिडनी टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले सकते थे।

सीरी ए : रोमा ने जुवेंट्स की जीत का सिलसिला तोड़ा

एजेंसी। रोम

सीरी ए में जुवेंट्स का जीत का सिलसिला रोमा ने समाप्त कर दिया जब उसने जेवेंट्स को 1-0 से हरा दिया। रोमा को पिछले हफ्ते क्रेमोनीज के खिलाफ करारी हार के बाद हौसला बढ़ाने की सख्त जरूरत थी, जबकि जुवेंटस सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में नाबाद रहा था। जुवे ने गेम में अपना दबदबा बनाया और तीन बार गोल का प्रयास किया, लेकिन यह रोमा ने 53वें मिनट में जियानलुका मैनसिनी की मदद से एक गोल दाग दिया। जीत के साथ, रोमा 47 अंकों के साथ चौथे स्थान पर आ गया, एक बेहतर गोल अंतर के आधार पर एसी मिलान से आगे रहा, जबकि जुवे अभी भी सातवें स्थान पर है। वहीं, हेनरिख मुख्तार्यान और लुटारो मार्टिनेज की जोड़ी ने इंटर मिलान को लेसे पर 2-0 से जीत दिलाई। इसके अलावा रविवार को, स्पेजिया हेलास वेरोना के साथ 0-0 से बराबरी पर था, जबकि सम्पदोरिया ने भी सालेर्निताना के साथ गोल रहित मुकाबला खेला।

हरिद्वार के कार रैलिस्ट मयंक चोपड़ा फिर बने रैली विजेता

एजेंसी। हरिद्वार

सेंट जॉन्स स्कूल,चंडीगढ़ और पंजाब टूरिज्म की ओर से हुई टीएसडी कार रैली में हरिद्वार निवासी मयंक चोपड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रैली में लगभग 800 किलोमीटर का सफर 32 घंटों में पूरा किया और अपने प्रतिद्वंदी को एक घंटा 29 मिनट पीछे छोड़ा। चंडीगढ़ से प्रारंभ होकर रोपड़, नवांशहर, पटियाला और लुधियाना होते हुए फिर चंडीगढ़ का यह सफर लगभग 800 किलोमीटर था। जिसमें कार सवारों ने 1 दिन में लगभग 11.5 घंटे कार ड्राइव की। जिसमें मयंक चोपड़ा का साथ नेविगेटर के रूप में कोलकाता के सोनल राय ने दिया और इन्होंने यह पूरा सफर लगभग 32 घंटे में पूरा किया। 3 दिन के इस सफर में लगभग रोजाना सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक लगातार कार ड्राइविंग की गई। कुल 43 गाड़ियां में 86 लोगों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिनमें मयंक चोपड़ा हरिद्वार और सोनल रॉय कोलकता की जोड़ी ने अपनी गाड़ी महिंद्रा थार से विजय प्राप्त की। कार रैलिस्ट मयंक चोपड़ा ने बताया कि अभी तक 43 कार रैली में प्रतिभाग कर चुके हैं, जिनमें से 39 प्रतियोगिताओं में अभी तक विजय प्राप्त की है। मयंक चोपड़ा ने बताया कि उत्तराखंड से अभी तक वह सर्वाधिक कार रैली प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। सबसे ज्यादा अवार्ड भी उत्तराखंड में अभी तक उन्हीं के पास है। मयंक चोपड़ा का कहना है कि उत्तराखंड का माहौल कार प्रतियोगियों के लिए बहुत रोमांचकारी है। यहां की घुमावदार सड़कें एवं प्रकृति का खूबसूरत नजारा कार प्रतियोगियों के उत्साह को बढ़ा देता है।

साझेदारी | भारत में वॉलीबॉल को विकसित करने का लक्ष्य

एफआईवीबी ने पीवीएल से मिलाया हाथ



एजेंसी। कोच्चि

फेडरेशन इंटरनेशनेल डी वॉलीबॉल (एफआईवीबी) के जनरल डायरेक्टर फैबियो अजेवेदो ने कहा है कि भारत में वॉलीबॉल को विकसित करने में मदद करने के लिए एफआईवीबी प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के साथ साझेदारी करके खुश है। दुनिया भर के वॉलीबॉल प्रशंसकों ने यहां कोच्चि में रविवार शाम अहमदाबाद डिफेंडर्स और बेंगलुरु टॉरपीडो के बीच पीवीएल के दूसरे सीजन का रोमांचक फाइनल देखा।

पीवीएल फाइनल की शुरुआत से पहले, एफआईवीबी के जनरल डायरेक्टर ने कहा कि फेडरेशन भारत में वॉलीबॉल को विकसित करने में मदद करने के लिए पीवीएल के साथ साझेदारी करके खुश है। फैबियो अजेवेदो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः प्राइम वॉलीबॉल लीग में रोमांचक नए प्रारूप को पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। हमें खुशी है कि भारत लगातार दो साल वॉलीबॉल विश्व कप चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा क्योंकि हमने देखा है कि भारत में प्रतिभा का स्तर शानदार है। हम पुरुषों की वॉलीबॉल के सर्वश्रेष्ठ क्लबों को अविश्वसनीय एथलीट प्रदर्शन देने के लिए उत्साहित हैं। भारत रोमांचक वॉलीबॉल एक्शन का हिस्सा है।

उन्होंने कहाः हम अपने प्यारे खेल को बढ़ावा देने के लिए प्राइम वॉलीबॉल लीग के साथ साझेदारी करके खुश हैं और हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में खेल और बढ़ेगा। दुनिया लीग को देख रही है और लीग की सराहना कर रही है। हम भारत की राष्ट्रीय टीम में निवेश करना चाहते हैं। हमारा सपना है कि भारत अगली विश्व चैम्पियनशिप और अगले ओलंपिक में खेले। वॉलीबॉल वर्ल्ड पर प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के दूसरे सीजन की लाइव स्ट्रीमिंग के साथ, भारतीय वॉलीबॉल सितारों को पहली बार पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

पूरी दुनिया में वॉलीबॉल दर्शकों को बनायेगा दिवाना

वॉलीबॉल वर्ल्ड के सीईओ फिन टेलर ने कहाः हमने प्लेटफॉर्म पर प्राइम वॉलीबॉल लीग के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी है और हमें विश्वास है कि सुपर सर्व और सुपर पॉइंट्स के साथ रोमांचक 15-पॉइंट प्रारूप पूरी दुनिया में वॉलीबॉल दर्शकों को दिवाना बना देगा। आयोजकों के अनुसार, दुनिया भर में दर्शकों की संख्या और आकर्षक वॉलीबॉल प्रशंसकों के मामले में पीवीएल टूर्नामेंट की एक बड़ी सफलता रही है।



तेलंगाना में बनेगा आईफोन बनाने का प्लांट

एजेंसी। नई दिल्ली

एपल इंक के पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने लोकल प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत के तेलंगाना में एक नया प्लांट बनाने का फैसला कर लिया है। ताइवान की मल्टीनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन यह प्लांट तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में कोंगारा कलां में स्थापित करेगी। फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के चेयरमैन यंग लियू ने 2 मार्च को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। जहां दोनों के बीच यह सहमति हुई कि इस प्लांट को स्थापित कर कंपनी 1 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरियां देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लांट को स्थापित करने के लिए फॉक्सकॉन करीब 700 मिलियन डॉलर (करीब 5.7 हजार करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। तेलंगाना के चीफ मिनिस्टर ऑफिस ने सोमवार को कहा कि लियू ने उट केसीआर को एक पत्र लिखा था। जिसमें मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के कमिटमेंट की स्पष्ट रूप से पुष्टि की गई थी। लियू ने अपने लेटर में कोंगारा कलां में जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए तेलंगाना प्रशासन से सहयोग मांगा है। लियू ने हैदराबाद यात्रा के दौरान उन्हें और उनकी टीम को दिए गए आदर-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने वहां बहुत अच्छा समय बिताया था। उट केसीआर को लिखे अपने लेटर में लियू ने लिखा, 'मैं वास्तव में आपकी दृष्टि और तेलंगाना के परिवर्तन और विकास के प्रयासों से प्रेरित हूं। लियू ने आगे लिखा, 'भारत में अब मेरा एक नया दोस्त है और मैं भविष्य में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।' इतना ही नहीं लियू ने उट केसीआर को अपने पर्सनल गेस्ट के तौर पर ताइवान आने का इनविटेशन भी दिया है। हैदराबाद के प्रगति भवन में 2 मार्च को हुई मीटिंग के दौरान सीएम केसीआर और यंग लियू दोनों ने बेहतर सप्पलाई चेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में विविधता लाने के महत्व और इसमें राज्य की भूमिका पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी के बारे में भी बात की, जिसने राज्य में भारी निवेश आकर्षित किया। उट केसीआर ने फॉक्सकॉन के निवेश और राज्य में रोजगार सृजित करने के अवसर की भी सराहना की। वहीं लियू ने राज्य के फ्रेंडली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इकोसिस्टम की भी तारीफ की है।

सरकार लायेगी नेशनल रिटेल पॉलिसी

छोटे व्यापारियों को मिलेगी राहत

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार जल्द रेहड़ी पटरी लगाने वाले रिटेल ट्रेडर के लिए एक नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी लाने वाली है। इसका उद्देश्य देश में रिटेल ट्रेडर के लिए व्यापार करना आसान बनाना है। सोमवार को एक वरिष्ठ आधिकारी की ओर से ये जानकारी दी गई। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि नीति से व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और अधिक ऋण उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। साथ ही सरकार ऑनलाइन रिटेल सेलर्स के लिए एक ई-कॉमर्स नीति लाने पर कार्य कर रहा है। साथ ही कहा कि हम चाहते हैं कि ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापारियों के बीच तालमेल हो। एफएमसीजी और ई-कॉमर्स पर एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि सरकार न केवल ई-कॉमर्स बल्कि नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी में नीतिगत बदलाव करने की कोशिश कर रही है और यह देश के रिटेल ट्रेडर के लिए होगी। इससे उनके लिए व्यापार करना आसान, बेहतर बुनियादी ढांचा और ऋण के अधिक विकल्प और कई अन्य तरह के फायदे ट्रेडर को दिए जाएंगे। साथ ही इंडस्ट्री से कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का अधिक विनिर्माण किया जाएं। संजीव ने आगे कहा कि विभाग सभी रिटेल व्यापारियों के लिए बीमा योजना बनाने पर कार्य कर रहा है। दुर्घटना बीमा मिलने से देश के छोटे व्यापारियों को बड़ा सहारा मिलेगा। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड की ओर से नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी बनाई जा रही है। सरकार ने इसका मसौदा तैयार करने के लिए कुछ समय पहले 16 विभागों और मंत्रालय के सुझाव मांगे हैं। इस नीति को लाने का उद्देश्य देश में रिटेल ट्रेड को विकास कर विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए रणनीति तैयार करना है। इसमें कौशल विकास को बढ़ावा देना और श्रम उत्पादकता में सुधार करने को लेकर भी कार्य किया जाएगा।

सरकार को 27 बिलियन डॉलर की तगड़ी बचत

नई दिल्ली। सरकार आम लोगों की मदद करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाती है। इन योजनाओं का लाभ सीधे वांछित व्यक्ति को मिले, इसके लिए सरकार ने धीरे-धीरे कई योजनाओं में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण यानी डाइरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर को लागू किया है। सरकार का कहना है कि डीबीटी के कारण केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में अरबों डॉलर बचाने में मदद मिली है। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ रविवार को ग्लोबल पार्टनरशिप फोर फाइनेंशियल इन्क्लूजन की दूसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डाइरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर काफी आसान है और इसने भ्रष्टाचार को दूर किया है। इस कारण केंद्र सरकार की योजनाओं में अब तक 27 बिलियन डॉलर से ज्यादा की बचत हुई है। सेठ ने इस मौके पर कहा कि भारत ने जो डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) तैयार किया है, वह स्वाभाविक रूप से स्केलेबल, इंटरऑपरेबल, इनोवेशन-फ्रेंडली और समावेशी है. इसने पूरी तरह से सरकार व लोगों, लोगों व लोगों और लोगों व व्यवसायों के आपसी व्यवहार को बदल दिया है।

आज से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में कर सकेंगे निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

इस बार होली पर सरकार आपको सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2022-23 की चौथी सीरीज सोमवार यानी आज से खुल गई है। इसमें 10 मार्च तक निवेश का मौका है। इस बार सरकार ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए 5,611 रुपए प्रति ग्राम का भाव तय किया है। ऑनलाइन अप्लाय करने और डिजिटल पेमेंट करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा। यानी, आपको 1 ग्राम सोने के लिए 5,561 रुपए देने होंगे। इस हिसाब से आपको 10 ग्राम सोने के 55,610 रुपए चुकाने होंगे। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सराफा बाजार में सोमवार यानी 6 मार्च को 24 कैरेट सोना 56,108 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। यानी 1 ग्राम सोने का दाम 5,610 रुपए हुआ। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है, जिसे फ्क्क की तरफ से जारी किया जाता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। इसकी कीमत सोने के वजन में होता है। यदि बॉन्ड पांच ग्राम सोने का है, तो पांच ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे खरीदने के लिए सेबी के अधिकृत ब्रोकर को इश्यू प्राइस का भुगतान करना होता है। बॉन्ड को बेचने के बाद पैसा निवेशक के खाते में जमा हो जाता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में शुद्धता की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) के मुताबिक गोल्ड बॉन्ड की कीमत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्हखअ) द्वारा प्रकाशित 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत से लिंक होती है। इसके साथ ही इसे डीमैट के रूप में रखा जा सकता है, जो काफी सुरक्षित है और उस पर कोई खर्च भी नहीं होता है।

ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज (सोमवार) पॉजिटिव संकेत दिख रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र यानी शुक्रवार के कारोबार में वॉल स्ट्रीट के तीनों इंडेक्स मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए थे। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी तेजी का रुख बना हुआ था। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी देखी जा रही है। हालांकि एशिया के दो प्रमुख सूचकांक फिलहाल लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार के कारोबार में वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों ने बढ़त के साथ अपने कारोबार का अंत किया था। नैस्डेक 226.02 अंक यानी 1.97 प्रतिशत उछाल के साथ 11,689.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 64.29 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,045.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया था। इसके अलावा डाओ जोंस 387.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 33,390.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी बाजार को फिलहाल जॉब ओपनिंग के आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) के चेयरमैन की टेस्टिमोनी का इंतजार है। 8 मार्च को जॉब ओपनिंग के आंकड़े आएंगे। इसी तरह यूएस फेड के चेयरमैन की ओर से 7 और 8 मार्च को ब्याज दरों के संबंध में संकेत दिया जा सकता है। यूएस फेड 22 मार्च को पॉलिसी दरों का ऐलान करने वाला है।

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी में 0.70 प्रतिशत तक की तेजी

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस और एनर्जी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज तेजी रही जिससे शेयर बाजार में 0.69 प्रतिशत तक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.49 अंकों की तेजी लेकर 60 हजार अंक के पार 60224.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.10 अंक की बढ़त लेकर 17711.45 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.72 प्रतिशत बढ़कर 24773.55 अंक पर और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत चढ़कर 28096.03अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से रियल्टी 0.76 प्रतिशत, धातु 0.52 प्रतिशत और कैपिटल गुड्स 0.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी समूहों में तेजी जिसमें यूटिलिटी 2.75 प्रतिशत, पावर 2.50 प्रतिशत, तेल एवं गैस 1.90 प्रतिशत, आईटी 1.23 प्रतिशत और टेक 1.13 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 3772 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2099 में तेजी रही जबकि 1470 गिरावट में रही। इस दौरान 203 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.19 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जिसमें जापान का निक्केई 1.11 प्रतिशत, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.18 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 प्रतिशत शामिल है।

बिजनेस करने में आसानी के लिए खुदरा व्यापार नीति लाएगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के मकसद से ईंट-पत्थर के खुदरा कारोबारियों के लिए एक राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति लाने पर काम कर रही है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव संजीव ने सोमवार को यह जानकारी दी। संजीव ने कहा कि इस नीति से व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और अधिक ऋण उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए ई-वाणिज्य नीति लाने पर भी काम कर रहा है। संजीव ने यहां ई-वाणिज्य और रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं (एफएमसीजी) पर एक सम्मेलन में कहा, हम चाहते हैं कि ई-वाणिज्य और खुदरा व्यापारियों के बीच तालमेल बेहतर हो। इसके अतिरिक्त विभाग सभी खुदरा व्यापारियों के लिए बीमा योजना बनाने की प्रक्रिया में भी है।

बांग्ला देश में रिफ्यूजी कैंप में आग, हजारों बेघर

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए बनाए गए रिफ्यूजी कैंप वाले इलाके में आग लग गई। हादसे में 2 हजार से ज्यादा शेल्टर होम तबाह हो गए। इस दौरान किसी की जान नहीं गई और न ही कोई घायल हुआ। हालांकि, कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। लोगों का कहना कि आग ने उनसे सब छीन लिया। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। बांग्लादेश के रिफ्यूजी कमिश्नर मिजानुर रहमान ने कहा- आग कुतुपालोंग इलाके में 5 मार्च दोपहर 2:45 बजे लगी। यहां सबसे ज्यादा शरणार्थी रहते हैं। 12 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। अब इस घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें आग लगने के बाद मची भगदड़, काला धुआं और तबाही दिख रही है। रिफ्यूजी कैंप में रहने वाले मामुन जौहर ने कहा- मेरा घर-दुनिया तबाह हो गया। आग ने मुझसे सब छीन लिया। अब मेरे पास कुछ नहीं बचा। वहीं, घटनास्थल पर मौजूद रहे दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया की आग बुझाने में साढ़े तीन घंटे लग गए। वहीं, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

एयर फोर्स के रिजर्व पायलट्स का ट्रेनिंग से इनकार

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू न्यायिक सुधार यानी ज्यूडिशियल रिफॉर्म्स के मुद्दे पर घिरते जा रहे हैं। देश में हजारों लोग इन सुधारों को तानाशाही की दिशा में कदम बताते हुए विरोध कर रहे हैं। अब इसमें एयर फोर्स भी शामिल हो गई है। इजराइली एयर फोर्स के रिजर्व पायलट्स ने स्पेशल ट्रेनिंग में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। कुल 40 में से 37 रिजर्व पायलट्स ने कहा है कि वो ट्रेनिंग के बजाए ज्यूडिशियल रिफॉर्म्स के विरोध में होने वाले प्रदर्शनों में हिस्सा लेंगे। इस प्रस्ताव के पास होने पर जजों को चुनने वाली कमेटी में ज्यादातर सदस्य सत्ताधारी पार्टी से होंगे। इससे जजों की नियुक्ति में सरकार का दखल बढ़ जाएगा। सरकार के मन से सुप्रीम कोर्ट का डर ही खत्म हो जाएगा। बिल के विरोधियों का कहना है कि अगर यह बिल पास होकर लागू हो गया तो बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे मामले खत्म किए जा सकते हैं। खास बात ये है कि नेतन्याहू पर रिश्वत लेने, धोखाधड़ी करने और सरकारी काम में दखलंदाजी जैसे गंभीर आरोप हैं।

विदेश

एक दिन में यूक्रेन जंग खत्म करवा दूंगा : डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वो अगर फिर से सत्ता में वापस आते हैं तो रूस-यूक्रेन जंग को एक दिन में बंद करवा देंगे। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि वो जंग खत्म कर तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक सकते हैं। दरअसल, ट्रम्प फिर से रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश कर चुके हैं। वो जगह-जगह जाकर अपने एजेंडा बता रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक रिपब्लिकन पार्टी की कांफ्रेंस में काफी समय बाद एक बार फिर ट्रम्प का जलवा दिखा। पूरा कार्यक्रम एक तरह से ट्रम्प को समर्पित दिखा। ट्रम्प ने कांफ्रेंस में कहा कि हमने जिस मुहिम की शुरूआत की थी उसे अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे। कांफ्रेंस के आखिरी दिन ट्रम्प ने जमकर डेमोक्रेटिक पार्टी पर तंज कसे। उन्होंने अपने समर्थकों से वादा किया कि वो अमेरिका को भद्दा कम्युनिस्ट देश बनने से बचाएंगे। साथ ही जो बाइडेन की सारी पॉलिसीज को खत्म कर देंगे। एक तरफ जहां ट्रम्प अपने समर्थकों में फिर से पकड़ को मजबूत बना रहे हैं। वहीं ओपिनियन पोल्स में सामने आया है कि रिपब्लिकन पार्टी उनको रिप्लेस करने के लिए किसी दूसरे उम्मीदवार की खोज में है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसांटिस को उनके विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, अभी तक उन्होंने अपनी दावेदारी पेश भी नहीं की है।

पेज एक के शेष

सीबीआई ने राबड़ी...

से काफी कम कीमत पर अधिग्रहित की गई थी। इधर, राबड़ी देवी से करीब पांच घंटे लंबी पूछताछ के बाद सीबीआई टीम वापस लौट गई। सुबह करीब 10 बजे सीबीआई टीम राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए 10 सर्कुलर रोड स्थित उनके आवास पर पहुंची। पूछताछ के बाद सीबीआई की टीम जैसे ही बाहर निकली, पूर्व सीएम भी विधान परिषद् के लिए रवाना हो गईं। विधान परिषद् पहुंच कर राबड़ी देवी गुस्से में दिखीं। मीडिया कर्मियों ने जब उनसे सीबीआई रेड के बारे में पूछा तो राबड़ी देवी ने कहा कि हमारे यहां ये सब चलता रहता है, कुछ नहीं हुआ हुआ है। इसके बाद तेजस्वी यादव पहुंचे और राबड़ी देवी को अपने साथ लेकर सदन में चले गए।

राज्यपाल से मिला...

प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, रवींद्र राय, महामंत्री आदित्य साहू, विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह और समरी लाल शामिल थे। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को बताया कि यह वीडियो क्लीप झारखंड सरकार में दलाली एवं बिचौलियागिरी करने वाला एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के रांची शहर में अरगोड़ा के निकट स्थित प्राइवेट कार्यालय का है। जहां बैठकर सरकारी कागजातों/फाइलों पर दस्तखत करते हुए राजीव अरुण एक्का नजर आ रहा रहे हैं। 5 मार्च 2023 के पूर्वाह्न तक झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और राज्य के गृह, कारा जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विभाग के अतिरिक्त सूचना जनसंपर्क, आपदा प्रबंधन विभाग के भी प्रधान सचिव थे। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को बताया कि वीडियो में जो महिला बगल में खड़ी होकर फाइल साइन करवा रही है, वह विशाल चौधरी की प्राइवेट कर्मचारी बतायी जा रही है। बगल से जिसकी आवाज सुनाई दे रही है वह विशाल चौधरी की आवाज बताई गयी है, जो अपने महिला कर्मचारी से किसी से पैसे आने-नहीं आने के बारे में पूछ रहा है। महिला कर्मचारी के ना कहने पर संभवतः विशाल किसी को फोन लगाकर उसी पैसे का तगादा कर रहा है।

आरोप राजनीति से...

दोस्ती करना गलत नहीं है। मैंने कोई भी सरकारी कागज पर दफ्तर के बाहर हस्ताक्षर नहीं किया। राजीव अरुण एक्का ने खुद पर लगे आरोपों पर कहा कि मुझ पर आरोप है कि मैंने किसी को लाभ पहुंचाया है। क्या लाभ पहुंचाया? इसे लेकर किसी के पास कोई सबूत नहीं है। मेरे पास गृह विभाग की जिम्मेदारी थी, तबादला मेरे हाथ में नहीं था। मेरे पास कोई शक्ति नहीं थी, जिससे मैं किसी को लाभ पहुंचा सकता था। राजीव अरुण एक्का ने बाबूलाल मरांडी के आरोप पर कहा कि मैं किसी सरकारी कागज पर दफ्तर के बाहर साइन नहीं करता। मैंने अपने दफ्तर में और यात्रा के दौरान अपनी गाड़ी में सरकारी फाइलें देखी है। मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है। मेरे तीस साल के करियर में मुझ पर कभी कोई आरोप नहीं लगे। मैंने ना कोई संपत्ति अर्जित की है और ना ही पैसे का कोई लालच रखा है। इतने साल की नौकरी में मैंने आदिवासी मोहल्ले में एक घर बनाया है। लोग मुझसे कहते हैं कि इतने साल की नौकरी में आप एक बेहतर घर नहीं बना सके। किसी परिचित के साथ बैठना उसे सलाह देना बुरा नहीं है। मैं अपने निजी जीवन में किससे मिलता हूं यह मेरा फैसला है।

मेसर्स संतोष कंस्ट्रक्शन...

बीरजंघा जंगल जाकर रवींद्र गंझू को दो लाख रुपये दिए थे। इसके बाद इस पैसे से माओवादियों ने लातेहार के चंदवा के लुकैया मोड़ पर पुलिस बलों पर हमले की योजना बनायी थी। 22 नवंबर 2019 को ठीक अलगे दिन माओवादी दस्ते ने लुकैया मोड़ पर हमला कर पीसीआर में तैनात चार जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। उसी दिन चंदवा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा हुई थी। वीआईपी मूवमेंट के कारण चंदवा के लुकैया मोड़ में पीसीआर की तैनाती थी।

लोग बुखार, खांसी...

बीमारी के लिए बाहरी रोगियों का इलाज किया जा रहा है, उनमें इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 पाया गया है।

लक्षण : आईसीएमआर का कहना है कि यह सब वेरिएंट अन्य इन्फ्लूएंजा सब वेरिएंट की तुलना में अधिक अस्पताल में भर्ती होने का कारण है। इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 के साथ अस्पताल में भर्ती किए गए रोगियों में लगभग 92 प्रतिशत को बुखार, 86 प्रतिशत को खांसी, 27 प्रतिशत को सांस फूलने और 16 प्रतिशत को घरघराहट की परेशानी थी। इसके अलावा, 16 प्रतिशत में निमोनिया के लक्षण थे और 6 प्रतिशत को अस्थमा का दौरा पड़ा था। इसके कारण जिधर देखो उधर कोई छींक रहा है। इसके कारण कफ सिरप व एंटी एलर्जी की दवाइयों की बिक्री बढ़ी है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का कहना है कि कुछ मामलों में खांसी, मतली, उल्टी, गले में खराश, बुखार, शरीर में दर्द और दस्त के लक्षण वाले रोगियों की संख्या में अचानक वृद्धि देखी गई है। बुखार तीन दिनों में दूर हो जाता है, जबकि खांसी तीन सप्ताह तक बनी रह सकती है। आईएमए के अनुसार ये मामले आमतौर पर 50 वर्ष से ज्यादा और 15 वर्ष से कम उम्र के लोगों में देखे जाते हैं। कुछ लोग बुखार के साथ ऊपरी श्वसन संक्रमण की भी रिपोर्ट कर रहे हैं। वायु प्रदूषण भी इसका एक कारक है।

एंटीबायोटिक न लें : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी। आईएमए ने डॉक्टरों से कहा है कि वे केवल रोग से जुड़ा ही इलाज दें। इसके लिए एंटीबायोटिक दवाओं की कोई जरूरत नहीं है। आईएमए ने कहा कि लोगों ने लगातार ऐथरेसिन और अमोक्सिक्लेव जैसे एंटीबायोटिक लेना शुरू कर दिया है। एक बार जब वे बेहतर महसूस करने लगते हैं तो बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि इसे रोकने की जरूरत है, क्योंकि यह एंटीबायोटिक बाद में शरीर पर बेअसर हो जाता है। आईएमए ने लिखा, जब भी एंटीबायोटिक दवाओं का वास्तविक उपयोग होगा, वे रेजिस्टेंस के कारण काम नहीं करेंगे।

समस्या

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी : महिलाओं को मैटरनिटी लीव भी नहीं

तिहाई एकेडमिक स्टाफ वर्षों से कॉन्ट्रैक्ट पर

एजेंसी। लंदन

दुनिया में विख्यात ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी अमीर संस्थानों में माना जाता है। उसके पास 64 हजार करोड़ रु. (6.4 अरब पाउंड) की दान राशि है। 2020-21 में ऑक्सफोर्ड को 80 करोड़ पाउंड की रिसर्च ग्रांट प्राप्त हुई जो किसी भी ब्रिटिश विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा थी। लेकिन कॉन्ट्रैक्ट फैकल्टी खराब सेवा शर्तों और कम वेतन जैसी समस्याओं से जूझ रही है। शिक्षकों का कहना है कि हमें नियमित नहीं किया जाता, बिजनेस कार्ड भी नहीं दिए जाते। पढ़ाने का कॉन्ट्रैक्ट बहुत कम नोटिस पर रद्द या बदला भी जा सकता है। फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर महिला शिक्षकों को मैटरनिटी लीव भी नहीं मिलती और उनका करार खत्म हो जाता है जिसके बाद में रिन्यू होने की गारंटी नहीं होती। ब्रिटेन के 2019-20 के उच्च शिक्षा के आंकड़ों के अनुसार कुल एकेडेमिक स्टाफ में से एक-तिहाई कान्ट्रैक्ट पर हैं। ऑक्सफोर्ड में यह दो-तिहाई हैं। कान्ट्रैक्ट की शर्त में केवल पढ़ाने के घंटों के हिसाब से भुगतान किया जाता है लेकिन एक घंटे के शिक्षण के लिए शिक्षकों को तीन से चार घंटे तैयारी करनी होती है जो भुगतान में शामिल नहीं है। उन्हें एक घंटे टीचिंग के 25 पाउंड मिलते हैं जबकि तैयारी सहित वे चार घंटे समय देते हैं। इस तरह उनका वेतन न्यूनतम वेतन 10.42 पाउंड प्रति घंटे से भी कम हो जाता है। संस्थान का खुद भी मानना है कि एक अकेले अंडरग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट को सामान्य जीवन बिताने के लिए 14600 से 21100 पाउंड सालाना की जरूरत होती है। यहां की डिग्री वर्ल्ड जॉब मार्केट में काफी रिस्पेक्टफुल मानी जाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां के प्लेसमेंट सेल से हर स्टूडेंट को जॉब मिल जाती है। यहां की डिग्री वर्ल्ड जॉब मार्केट में काफी रिस्पेक्टफुल मानी जाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां के प्लेसमेंट सेल से हर स्टूडेंट को जॉब मिल जाती है।बीते नवंबर में ऑक्सफोर्ड सहित 150 संस्थानों के 70 हजार लेक्चरर ने बेहतर शर्तों को लेकर तीन दिन की हड़ताल की जो देश के उच्च शिक्षा के इतिहास में सबसे बड़ी थी। फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट के मुद्दे को भी इसमें उठाया गया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

हिमाचल में पंजाब के पर्यटकों ने दुकानों व घरों में की तोड़फोड़

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मणिकरण में सोमवार को 30 पर्यटकों ने दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की, इनमें से ज्यादातर पंजाब के पर्यटक थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि घटना के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। कई खड़ी गाड़ियों और पास के एक पुलिस स्टेशन पर पथराव किया गया। हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने पंजाब के अपने समकक्ष गौरव यादव से बात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया।

अभिनेत्री से बलात्कार के आरोपी को नहीं मिली जमानत

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को 2017 में अभिनेत्री के साथ अपहरण व यौन उत्पीड़न के मामले में मुख्य आरोपी पल्सर सुनी की जमानत याचिका खारिज कर दी, इसमें मलयालम अभिनेता दिलीप भी आरोपी हैं। यह दूसरी बार है जब उच्च न्यायालय ने 2017 में हुई घटना के बाद से जेल में बंद सुनी को जमानत देने से इंकार कर दिया है। अभिनेत्री का अपहरण कर यौन उत्पीड़न किया गया। इसका वीडियो भी बना लिया गया था। जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि भले ही आरोपी ने सलाखों के पीछे छह साल बिताए हैं और मुकदमे का निष्कर्ष नहीं निकला है, उसके द्वारा किए गए अपराधों की गंभीरता पर विचार करने के बाद ही जमानत दी जा सकती है।

बाबा महाकाल संग खेली गई 40 क्विंटल फूलों से होली

उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान पुजारियों ने भगवान संग 40 क्विंटल फूलों से होली खेली। मंगलवार को भगवान के साथ रंग गुलाल से होली खेली जाएगी। बाबा महाकाल मंदिर में सोमवार को भस्म आरती के दौरान फाग उत्सव का अपार उत्साह देखने को मिला। महाराष्ट्र से आए एक भक्त ने मंदिर के फाग उत्सव में 40 क्विंटल फूल अर्पित किए। भस्म आरती के दौरान पुजारियों ने इन्हीं पर फूलों को भगवान महाकाल को अर्पित किया।

पोंजी घोटाला में ईडी ने 15 ठिकानों पर मारा छापा

5.51 करोड़ रुपये के आभूषण, 1.21 करोड़ नकदी, डिजिटल उपकरण और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज किए गए जब्त

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उन्होंने हाल ही में पंकज मेहदिया और अन्य द्वारा किए गए लगभग 150 करोड़ रुपये के पोंजी स्कीम धोखाधड़ी से संबंधित एक मामले में नागपुर और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी और सर्वेक्षण अभियान चलाया। ईडी ने 3 मार्च को तलाशी ली और तलाशी के दौरान 5.51 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के आभूषण, 1.21 करोड़ रुपये की नकदी, डिजिटल उपकरण और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

ईडी ने कहा कि इस घोटाले के मुख्य आरोपी मेहदिया, लोकेश जैन और कार्तिक जैन के आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली गई। मुख्य लाभार्थियों के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर भी छापेमारी की गई। ईडी ने पांच लोगों- पंकज मेहदिया, लोकेश जैन, कार्तिक जैन, बालमुकुंद लालचंद कील और प्रेमलता नंदलाल मेहदिया के खिलाफ सीताबर्डी पुलिस स्टेशन, नागपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की। उन्होंने कथित तौर पर एक धोखाधड़ी की और अपने निवेशकों को कई करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाया।

सहयोगियों के साथ चला रहे थे पोंजी योजना

ईडी ने कहा कि उनकी पीएमएलए जांच ने स्थापित किया है कि पंकज मेहदिया अन्य सहयोगियों के साथ एक पोंजी योजना चला रहे थे और उन्होंने वर्ष 2004 से 2017 तक किए गए निवेश पर टीडीएस काटने के बाद 12 प्रतिशत सुनिश्चित लाभ देने का वादा करके विभिन्न निवेशकों को लुभाया। अधिकारी ने कहाः पैसे को डायवर्ट करने और लेन-देन को वैधता देने के लिए, बैंक खातों में 150 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन प्रभावित हुए हैं और यह संदेह है कि इनमें से अधिकांश लेन-देन वास्तविक व्यापारिक सौदों द्वारा समर्थित नहीं हैं और आवास प्रविष्टियों की प्रकृति के हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

अगरतला : सोमवार, 06 मार्च, 2023 को अगरतला में 'होली' समारोह के दौरान रंगों से खेलती महिलाएं।
(फोटो : आईएएनएस)

प्रदूषण के लिए आदित्य ठाकरे ने की सरकार की खिंचाई

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने मुंबई महानगर क्षेत्र में खराब वायु गुणवत्ता के लिए राज्य सरकार की खिंचाई की है। एक ट्वीट में, उन्होंने शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शासन पर आम आदमी की परवाह नहीं करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने आरोप लगाया, दो महीने से अधिक समय से लोग बीमार पड़ रहे हैं, सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने सरकार पर मुंबई जलवायु कार्य योजना और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के पिछले शासन के काम को अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत एजेंडे के कारण ठंडे बस्ते में डालने का आरोप लगाया।

चारधाम यात्रा 2023 : यात्रियों को मिलेगी वाई फाई की सुविधा

13 दिनों में 2 लाख श्रद्धालु करा चुके हैं पंजीकरण

एजेंसी। देहरादून

चारधाम यात्रा में अब महज कुछ ही दिनों का वक्त बचा हुआ है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक दो लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। केदारनाथ के लिए 1.12 लाख और बदरीनाथ के लिए 92 हजार तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। पर्यटन विभाग के उप निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि 21 फरवरी को चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था। महज 13 दिनों के भीतर केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के लिए दो लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि औपचारिक रूप से गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद ही दोनों धाम के लिए पंजीकरण शुरू किया जाएगा।

साथ ही इस बार चारधाम यात्रा में सरकार श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में इस बार होने वाली चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को वाईफाई की सुविधा भी मिलेगी। साथ ही सर्वर पर अधिक भार होने की वजह से मोबाइल का नेटवर्क नहीं अटकेगा और यात्री आसानी से चारधाम यात्रा की लाइव स्ट्रीमिंग जैसी सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। चारों धामों में अभी तक सभी दूरसंचार कंपनियों के सिग्नल पूरे नहीं आते। किसी की कहीं ज्यादा कनेक्टिविटी होती है। तो किसी के सिग्नल बहुत कम होते हैं। कई कंपनियों की कनेक्टिविटी तो बिल्कुल भी नहीं है। इस वजह से तीर्थयात्रियों को काफी परेशानी होती है।

शरणार्थियों की कॉलोनियों को नियमित करेगी सरकार

एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि जिन कॉलोनियों में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के विस्थापित लोग रह रहे हैं, उन्हें नियमित किया जाएगा। सिन्हा ने 'पीओजेके के लोगों के लिए विशेष शासन' नामक एक आधिकारिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यूटी सरकार ने इन विस्थापित लोगों के लिए पीओजेके भवन के निर्माण के लिए भूमि की पहचान की है। उन्होंने कहा कि जिन कॉलोनियों में ये विस्थापित रह रहे हैं, उन्हें शीघ्र ही नियमित किया जाएगा। इन लोगों ने बहुत कुछ झेला है और उनके बच्चे सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। हमारे पास जल्द ही एक पीओजेके भवन होगा और जिन कॉलोनियों में ये लोग रह रहे हैं, उन्हें जल्द ही नियमित किया जाएगा।

सिन्हा ने कहाः विस्थापित पीओजेके शरणार्थियों के बच्चों को नौकरियों और शिक्षा में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने दोहराया कि पीओजेके भारत का अभिन्न अंग है और पृथ्वी पर कोई भी ताकत इसे लंबे समय तक संघ से दूर नहीं रख सकती है।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, चार मरे

भुवनेश्वर। ओडिशा के खुर्दा जिले में सोमवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना टांगी थाना क्षेत्र के भुसंदपुर गांव के पास की है। विस्फोट तब हुआ जब कर्मचारी डोला उत्सव के लिए पटाखे बना रहे थे। डोला उत्सव होली के दौरान मनाया जाता है। खुर्दा कलेक्टर के. सुदर्शन चक्रवर्ती ने कहा कि स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवा के कर्मी मौके पर पहुंचे और चार घायलों को बचाया और उन्हें अस्पताल भेजा।

FILMY हलचल

किसी के साथ होली खेलने के लिए उसकी सहमति जरूरी : निहारिका

टीवी अभिनेत्री निहारिका रॉय ने 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' के होली स्पेशल एपिसोड के बारे में बात की। यह एपिसोड न केवल वृंदावन की अनूठी 'लठ मार होली' पर केंद्रित होगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि किसी के साथ होली खेलने के लिए उसकी सहमति कितना अहम है। यह इस बात की भी पुष्टि करता है कि किसी भी महिला को कभी भी गलत तरीके से टच नहीं करना चाहिए, अगर उसके साथ ऐसा होता है तो वो अपने अधिकार के लिए खड़ी हो सकती है। निहारिका ने कहाः हम एस शो में एक लोकप्रिय प्रकार की होली की तैयारी कर रहे हैं। इसे वृंदावन में होने वाली 'लठ मार होली' कहा जाता है - कुछ ऐसा अनोखा जिसे दर्शकों ने अब तक टेलीविजन पर नहीं देखा है।

त्रिशूल के साथ एक्शन सीक्वेंस पर बोले अजय देवगन, यह एक जिम्मेदारी थी

बॉलीवुड स्टार और फिल्म निर्माता अजय देवगन फिल्म 'भोला' में त्रिशूल के साथ लड़ते दिखाई देंगे। अपने फाइट सीक्वेंस के बारे में उनका कहना है कि उन्हें शूटिंग में एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और इसे एक जिम्मेदारी बताया। हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान शिव द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार त्रिशूल के साथ अपने फाइट सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए अजय ने कहाः मुझे लगता है कि यह बहुत दिलचस्प था। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन नया था। हमें इसे डिजाइन करना, निष्पादित करना और प्रदर्शन करना था। एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और एक जिम्मेदारी थी क्योंकि मेरे हाथ में त्रिशूल था। 'भोला' तमिल फिल्म 'कैथिया' की रीमेक है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। अजय ने फिल्म का निर्देशन किया है और इसमें अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में तब्बू भी हैं। 'भोला' 30 मार्च को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म में दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा और गजराज राव भी हैं।

हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन हुए घायल

सुपरस्टार अमिताभ बच्चन हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। अभिनेता ने स्वास्थ्य अपडेट को अपने ब्लॉग पर साझा किया। हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह और सीटी स्कैन कराने के बाद वे मुंबई के लिए रवाना हो गए, जहां वे अपने घर पर आराम कर रहे हैं। 80 वर्षीय अभिनेता की इस फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान उनकी दाहिनी पसली की मांसपेशियों में चोट लग गई। उन्होंने बतायाः रिब (पसली) कार्टिलेज पॉप हो गई है। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग टाल दी गई है। अमिताभ ने लिखाः हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान, एक एक्शन शॉट के दौरान, मैं घायल हो गया हूं। दाहिनी पसली में चोट है। शूट रद्द कर दिया।

परिणीति ने पूरी की 'चमकीला' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म 'चमकीला' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वह पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है, जो 'जब वी मेट', 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म परिणीति और दिलजीत के बीच सहयोग का प्रतीक है, जो फिल्म में पंजाब के महानतम गायकों को चित्रित करने के लिए तैयार हैं। जहां दिलजीत टिट्युलर चरित्र को चित्रित करने के लिए तैयार हैं, वहीं परिणीति अमरजोत कौर के चरित्र को चित्रित करती नजर आएंगी। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पंजाब में की गई है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म के पूरे क्रू के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया।

पत्रकारिता आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी बोले

सकारात्मक है भारतीय पत्रकारिता

नवीन मेल नेटवर्क। मोहाली

पत्रकारिता पश्चिम की देन है, जो नकारात्मकता पर आधारित है। भारतीय संस्कृति अथवा पत्रकारिता का आधार सकारात्मकता है। इसका उद्देश्य ही लोकमंगल है। यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने ब्रह्माकुमारीज के 'समाधानपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत का निर्माण' कार्यक्रम के पंजाब क्षेत्रीय अभियान का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर पंजाब के लोक संपर्क, आवास एवं शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि आज संवाद से विवाद और विवाद से वितंडावाद की स्थिति है, लेकिन पत्रकारों को चाहिए कि वे अपने साथ-साथ समाज का भी ध्यान रखें। पत्रकारिता तभी सफल है, जब उसका उद्देश्य लोकहित व पवित्रता हो और लोग उस पर विश्वास करें। आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार जब सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं, तब भी एक द्वार खुला रहता है। यह दरवाजा पत्रकारिता का है, जिसकी ओर लोग बड़ी उम्मीद के साथ बढ़ते हैं। मीडिया सिर्फ प्रश्न ही न उठाए, बल्कि हल भी बताए।

मीडिया में सकारात्मकता अनिवार्य : कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए पंजाब के लोक संपर्क, आवास एवं शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मीडिया में सकारात्मकता अनिवार्य है। इसी से पत्रकारिता में स्पष्टता और प्रतिबद्धता लाई जा सकती है। दृष्टिकोण व कार्य व्यवहार में पॉजिटिविटी हो, तो कोई ऐसा काम नहीं, जो संभव न हो। सच्चाई के साथ विश्वास हो, तो असंभव कुछ नहीं है। ब्रह्माकुमारीज की इस पहल की सराहना करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि पत्रकार बंधु जो रोशनी यहां से लेकर जा रहे हैं, उसे अपने साथियों तक भी पहुंचाएं। इस संगठन से सीखा जा सकता है कि सरल जीवनयापन से रोजमर्रा की जटिलताओं से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है।